सान्ध्य हिन्दी दैनिक

जौनपुर से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

वर्ष – 02 | अंक – 173 | जौनपुर, मंगलवार, 19 मार्च 2024 | सान्ध्य दैनिक (संस्करण) | पेज – 4 | मूल्य – 2 रूपये

## संक्षिप्त खबरें

### संविधान एवं लोकतंत्र की रक्षा के लिए सतत प्रयास जरूरी – मायावती

लखनऊ, संवाददाता। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने सोमवार को चुनावी बॉण्ड के सिलसिले में उच्चतम न्यायालय के फैसले को महत्त्वपूर्ण करार देते हुए संविधान एवं लोकतंत्र की रक्षा के लिए सतत प्रयास जरूरी बताया। बसपा प्रमुख ने सोमवार को सोशल मीडिया मंच एक्स्स पर एक पोस्ट में कहा कि रक्षा सौदों आदि में भ्रष्टाचार के बाद चर्चित गुप्त चुनावी बॉण्ड से उत्पन्न धनबल द्वारा देश की राजनीति एवं चुनाव को भी जनहित एवं जनमत से दूर करने की प्रक्रिया के विरुद्ध उच्चतम न्यायालय का ताजा फैसला महत्वपूर्ण है, किन्तु संविधान एवं लोकतंत्र की रक्षा के लिए सतत प्रयास जरूरी है। मायावती ने अपने सिलसिलेवार पोस्ट में कहा जहां सहारा, वहां इशारा', इससे बचने के लिए बसपा बड़े–बड़े पूंजीपतियों एवं धन्नासेठों के ध ानबल से दूर है। इसी पोस्ट में उन्होंने स्पष्ट किया कि इसी कारण उत्तर प्रदेश में चार बार बनी सरकार में जनहित, जनकल्याण तथा गरीबी एवं पिछड़ेपन को दूर करने के लिए ऐतिहासिक पहल की गयी जबकि दूसरी पार्टियां अधिकतर स्वार्थ में ही लगी हैं। बसपा प्रमुख ने कहा कि देश में अब लोकसभा के लिए हो रहे आम चुनाव में जन एवं देशहित के पक्ष में इन बातों का खास महत्व है तभी बहुजन हितैषी सरकार देश में बनेगी तथा लोगों को जानलेवा महंगाई, बढ़ती गरीबी, बेरोजगारी एवं पिछड़ेपन के लाचार जीवन से मुक्ति मिल पाएगी, वरना गरीबों की गरीबी एवं अमीरों की अमीरी लगातार बढ़ती जाएगी।

### बहुभाषिकता है भारत की शक्ति – संजय द्विवेदी

भोपाल, एजेंसी। भारतीय जन संचार संस्थान (आईआईएमसी) के पूर्व महानिदेशक प्रो.संजय द्विवेदी का कहना है कि हम भारतीय जन्मना बहुभाषी हैं और बहुभाषिकता हमारी शक्ति है। बहुभाषिकता हमारे संस्कार में है। वे यहां मध्यप्रदेश राष्ट्रभाषा प्रचार समिति द्वारा हिंदी भवन, भोपाल में आयोजित बसंत व्याख्यानमाला के अंतर्गत आयोजितश भारतीय भाषाओं में अंतर संवाद और अनुवादश विषय पर आयोजित सत्र को संबोधित कर रहे थे। सत्र के अध्यक्ष रवींद्र नाथ टैगोर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ.संतोष चौबे रहे। सत्र में अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.खेम सिंह डहेरिया, लेखक डा.श्रीराम परिहार, डा.रंजना अरगड़े ने अपने विचार व्यक्त किये। कहा कि भारत जैसे बहुभाषी देश में हमारा किसी एक भाषा के सहारे काम नहीं चल सकता। यही भाषागत बहुलता हमारी भाषाई समृद्धि का बोध कराती है। बहुभाषी युवाओं के लिए अवसरों के अनेक द्वार स्वतरू खुल जाते हैं। उन्होंने कहा कि आज का समय अनुवाद का समय है। इससे भाषाई सद्भाव भी स्थापित हो रहा है।

## शिवाजी पार्क में `इंडिया´ गठबंधन की रैली शिवसेना के लिए एक `काला दिन´ – सीएम शिंदे

मुंबई, एजेंसी। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने रविवार को कहा कि मुंबई के शिवाजी पार्क में जहां बालासाहेब ठाकरे अक्सर



देश को संबोधित करते थे उस स्थान पर विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) की रैली होना शिवसेना के लिए एक 'काला दिन' है। शिवाजी पार्क पारंपरिक रूप से शिवसेना की रैलियों और सभाओं का स्थल रहा है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांध ी ने शिवाजी पार्क में एक रैली के साथ अपनी 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' का समापन किया। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) का आगामी लोकसभा चुनाव में मिलकर मुकाबला करने के लिए 'इंडिया' का शक्ति प्रर्दशन किया गया। इस रैली में द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) अध्यक्ष और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव और समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी हिस्सा लिया। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर, राहुल गांधी ने छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और शिवसेना के संस्थापक बाल ठाकरे के स्मारक पर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस स्थल पर कांग्रेस की पिछली रैली 2003 में आयोजित की गई थी जिसे सोनिया गांधी ने संबोधित किया था।

## अगले 5 साल में भारत की ऑटो इंडस्ट्री दुनिया में नंबर 1 होगी - नितिन गडकरी

नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने रविवार को विश्ध्वास जताया कि आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाले राजग को पहले से अधिक सीटें मिलेंगी। उन्होंने दावा किया कि आम चुनाव में भाजपा का प्रदर्शन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के कार्यों के आधार पर होगा, जिसे लोग सराह रहे हैं। एनडीटीवी के एडिटर–इन–चीफ संजय पुगलिया के साथ एक्सक्लूसिव इंटरव्यू में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अगले पांच साल में भारत की ऑटो इंडस्ट्री दुनिया में नंबर वन होगी। नितिन गडकरी ने कहा, इस समय भारतीय ऑटोमोबाइल उद्योग का आकार 12.5 लाख करोड़ रुपये है। उद्योग ने अब तक 4.5 करोड़



नौकरियां पैदा की हैं, और यह केंद्र और राज्य सरकारों को अधिकतम जीएसटी का भुगतान करता है। उन्होंने कहा, ष्जब मैं मंत्री बना तो भारत की ऑटो इंडस्ट्री दुनिया में 7वें स्थान पर थी। मैंने नई तकनीक वाली कंपनियों को प्रोत्साहित किया। अब भारत की ऑटो इंडस्ट्री जापान को पछाड़कर तीसरे नंबर पर आ गई है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि महाराष्ट्र में इस समय ट्रिपल इंजन की सरकार है। उन्होंने कहा, ष्हम अपने काम के दम पर लोकसभा चुनाव में बेहतर प्रदर्शन करेंगे। महाराष्ट्र में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उन्हें अपनी पार्टी को आगे ले जाने का पूरा अधिकार है। विपक्षी गठबंधन पर निशाना साध ाते हुए कहा कि शरद पवार और उद्धव ठाकरे को सहानुभूति वोट नहीं मिलेंगे। नितिन गडकरी ने यह भी कहा कि उनके सभी दलों से अच्छे संबंध हैं। राजनीति में मतभेद हो सकते हैं, लेकिन व्यक्तिगत मतभेद नहीं होने चाहिए।

## पीएम मोदी की हुंकार, 4 जून को 400 पार



नई दिल्ली, एजेसी। पीएम नरेंद्र मोदी ने कर्नाटक के शिवमोग्गा में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित किया। अपने संबोधन के शुरूआत में मोदी ने हुंकार भरते हुए कहा कि 4 जून को 400 पार। उन्होंने कहा कि इस मिशन में कर्नाटक के मतदाताओं की बड़ी जिम्मेदारी है। हम 400 सीटों की बात क्यों कर रहे हैं? विकसित भारत और विकसित कर्नाटक के लिए 400 पार जरूरी है। उन्होंने कहा कि यह मैदान अपार ऊर्जा से भरा हुआ लगता है, ऐसा आपका उत्साह रहा है! प्यार, खुशी और आशीर्वाद का यह माहौल कर्नाटक में भाजपा के प्रति मजबूत समर्थन का प्रमाण है। निश्चित ही यह दृश्य भ्रष्ट इंडिया गठबंधन की नींद चुरा लेगा। मोदी ने कहा कि विकसित भारत के लिए... 400 पार। विकसित कर्नाटक के लिए... 400 पार। गरीबी कम करने के लिए... 400 पार। आतंक पर प्रहार करने के लिए... 400 पार। भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई के लिए... 400 पार। किसानों की समृद्धि के लिए... 400 पार। युवाओं को नए अवसर के लिए... 400 पार। अबकी बार 400 पार। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास विकास का एजेंडा नहीं है इसलिए वह तरह–तरह के हथकंडे अपनाती है। कांग्रेस का पहला हथकंडा है – झूठ बोलो! बड़े–बड़े झूठ बोलो! कांग्रेस की दूसरा हथकंडा है – अपने झूठ को ढकने के लिए, नए झूठ बोलो। कांग्रेस का तीसरा हथकंडा है – जब पकड़े जाओ, तो अपनी करतूतों का ठीकरा दूसरों के सर फोड़ दो। नरेंद्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस की मंशा कभी काम की नहीं होती। कांग्रेस का केवल एक ही इरादा होता है– लोगों को लूटना, अपनी जेबें भरना। उन्होंने कहा कि सुनिश्चित करें कि आप कर्नाटक की प्रत्येक सीट से मोदी के शविकास राजदूतश को चुनें। सुनिश्चित करें कि आप उन शविकास दूतोंश को दिल्ली भेजें। मैं आपसे कर्नाटक की सभी 28 सीटें भाजपा–एनडीए को देने का आग्रह करता हूं। मोदी ने कहा कि कई राजनीतिक जानकार कहते रहे हैं।

## चुनाव आयोग की बड़ी कार्रवाई, यूपी समेत 6 राज्यों के गृह सचिवों को हटाने का आदेश

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने छह राज्यों गुजरात, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में गृह सचिव को हटाने के आदेश जारी किए हैं। साथ ही मिजोरम और हिमाचल प्रदेश में सामान्य प्रशासनिक विभाग के सचिव को भी हटा दिया गया है। चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को हटाने के लिए आवश्यक कार्रवाई भी की है। सूत्रों ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने बृहन्मुंबई नगर आयुक्त इकबाल सिंह चहल और अतिरिक्त आयुक्तों और उपायुक्तों




को भी हटा दिया है। ईसीआई ने सचिव जीएडी मिजोरम और हिमाचल प्रदेश को भी हटा दिया है जो संबंधित सीएम कार्यालय में प्रभार संभाल रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि आयोग ने सभी राज्य सरकारों को चुनाव–संबंधी कर्तव्यों में शामिल अधिकारियों को स्थानांतरित करने का निर्देश दिया था, यदि उन्होंने तीन साल तक सेवा की है या अपने गृह जिलों में तैनात हैं।

## बिहार में सीट बंटवारे को दो–तीन दिन में अंतिम रूप दे दिया जाएगा – तेजस्वी यादव

नयी दिल्ली, एजेंसी। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव ने सोमवार को कहा कि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के सहयोगियों के बीच बिहार के लिए सीटों का बंटवारा अंतिम चरण में है और अगले कुछ दिनों में इस पर मुहर लग जाएगी। रविवार को मुंबई के शिवाजी पार्क में विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव एलायंस' (इंडिया) द्वारा आयोजित एक रैली में भाग लेने के बाद यहां आए राजद नेता ने कहा कि ज्यादातर मुद्दों को सुलझा लिया गया है और केवल एक या दो सीटों पर मुद्दे बचे हैं। यादव ने यहां संवाददाताओं को बताया, "दो–तीन दिन में सब कुछ तय हो जाएगा। यह अंतिम चरण में है। एक–दो सीटों को लेकर कुछ मुद्दे हैं, लेकिन सब कुछ सुलझा लिया जाएगा।" राजद, कांग्रेस, वामपंथी दल और कुछ अन्य छोटे दल लोकसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंध न (राजग) से मुकाबला करने के लिए सीटों के बंटवारे पर बातचीत कर रहे हैं। बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री ने पर्चा लीक मामले को लेकर राज्य की भाजपा–जद(यू) सरकार पर भी निशाना साधा। राजद नेता ने पूछा, "क्या कारण है कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बनते ही पर्चा लीक जैसी घटनाएं होने लगीं? इसके लिए कौन जिम्मेदार है?...क्या युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई होगी?" बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की शिक्षक भर्ती परीक्षा (टीआरई)–3 के कथित प्रश्नपत्र लीक मामले में बिहार पुलिस ने झारखंड के हजारीबाग जिले से लगभग 300 अभ्यर्थियों को हिरासत में लिया है।



## चुनावी बांड प्रधानमंत्री हफ्ता वसूली योजना - जयराम रमेश

नई दिल्ली, एजेंसी। चुनावी बांड मुद्दे पर केंद्र पर अपना हमला तेज करते हुए, कांग्रेस ने सोमवार को मोदी सरकार पर हफ्ता वसूली (जबरन वसूली) का आरोप लगाया और दावा किया कि कुल 21 फर्मों ने, जिन्हें सीबीआई, ईडी या आईटी की जांच का सामना करना पड़ा है, चुनावी बांड के माध्यम से दान दिया है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि हर गुजरते दिन के साथ, ष्चुनावी बांड घोटालेष की वास्तविक गहराई पर अधिक उदाहरण सामने आते हैं। उन्होंने लिखा कि आज, हम इलेक्टोरल बॉन्ड घोटाले में भ्रष्टाचार के चार तरीकों में से दूसरे, प्रधानमंत्री हफ्ता वसूली योजना, पर फोकस कर रहे हैंरू 1. चंदा दो, धंधा लो 2. हफ्ता वसूली। कांग्रेस नेता ने आगे लिखा कि 10 नवंबर 2022 को, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली सरकार की शराब नीति में कथित अनियमितताओं से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में अरबिंदो फार्मा के निदेशक पी सरथ चंद्र रेड्डी को गिरफ्तार किया। पांच दिन बाद, 15 नवंबर को, अरबिंदो फार्मा ने




इलेक्टोरल बांड के रूप में 5 करोड़ रुपए दान किए। दावा करते हुए यह भी कहा गया कि नवयुग इंजीनियरिंग कंपनी लिमिटेड ने अक्टूबर 2018 में आयकर विभाग द्वारा छापा मारे जाने के छह महीने बाद अप्रैल 2019 में 30 करोड़ रुपए के इलेक्टोरल बांड खघ्रीदे। 7 दिसंबर, 2023 के शुरुआती घंटों में रामगढ़ में रूंगटा संस प्राइवेट लिमिटेड की तीन इकाइयों पर आयकर विभाग ने छापा मारा। 11 जनवरी, 2024 को कंपनी ने 1 करोड़ रुपए के 50 इलेक्टोरल बांड खरीदे। इससे पहले, फर्म ने केवल अप्रैल 2021 में दान दिया था। उन्होंने आगे कहा कि हैदराबाद स्थित शिरडी साईं इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड पर 20 दिसंबर 2023 को आयकर विभाग का छापा पड़ा। 11 जनवरी 2024 को कंपनी ने 40 करोड़ रुपए के इलेक्टोरल बांड खघ्रीदे। नवंबर 2023 में, आयकर अधिकारियों ने कथित नकद लेनदेन के लिए रेड्डीज लैब्स के एक कर्मचारी के यहां छापा मारा। छापे के ठीक बाद, कंपनी ने 31 करोड़ रुपए के इलेक्टोरल बांड खघ्रीदे। इसके बाद इस कंपनी ने नवंबर 2023 में 21 करोड़ रुपए के और जनवरी 2024 में 10 करोड़ रुपए के इलेक्टोरल बांड खरीदे, जो कुल मिलाकर 84 करोड़ रुपए होते हैं। उन्होंने कहा कि ये केवल कुछ प्रमुख उदाहरण हैं।

## पीएम मोदी ने मेरी टिप्पणी को तोड़-मरोड़कर पेश किया - राहुल गांधी

नई दिल्ली, एजेंसी। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर उनकी शशक्तिश टिप्पणी को तोड़–मरोड़कर पेश करने का आरोप लगाया, जिसने लोकसभा चुनाव से पहले बड़े पैमाने पर विवाद पैदा कर दिया है। गांध ी ने सोशल प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि मोदी जी को मेरी बातें अच्छी नहीं लगतीं, किसी न किसी तरह उन्हें घुमाकर वह उनका अर्थ हमेशा बदलने की कोशिश करते हैं क्योंकि वह जानते हैं कि मैंने एक गहरी सच्चाई बोली है। जिस शक्ति का मैंने उल्लेख किया, जिस शक्ति से हम लड़ रहे हैं, उस शक्ति का मुखौटा मोदी जी हैं। राहुल ने आगे लिखा कि वह एक ऐसी शक्ति है जिसने आज, भारत की आवाज को, भारत की संस्थाओं को, सीबीआई, आईटी, ईडी को, चुनाव आयोग को, मीडिया को,




भारत के उद्योग जगत को, और भारत के समूचे संवैधानिक ढाँचे को ही अपने चंगुल में दबोच लिया है। उसी शक्ति के लिए नरेंद्र मोदी जी भारत के बैंकों से हजारों करोड़ के कर्ज माफ कराते हैं जबकि भारत का किसान कुछ हजार रुपयों का कर्ज न चुका पाने पर आत्महत्या करता है। उसी शक्ति को भारत के बंदरगाह, भारत के हवाई अड्डे दिये जाते हैं जबकि भारत के युवा को अग्निवीर का तोहफा दिया जाता है जिससे उसकी हिम्मत टूट जाती है। कांग्रेस नेता ने कहा कि उसी शक्ति को दिन रात सलामी ठोकते हुए देश की मीडिया सच्चाई को दबा देती है। उसी शक्ति के गुलाम नरेंद्र मोदी जी देश के गरीब पर जीएसटी थोपते हैं, महंगाई पर लगाम न लगाते हुए, उस शक्ति को बढ़ाने के लिए देश की संपत्ति को नीलाम करते हैं। उन्होंने कहा कि उस शक्ति को मैं पहचानता हूँ, उस शक्ति को नरेंद्र मोदी जी भी पहचानते हैं, वह किसी प्रकार की कोई धार्मिक शक्ति नहीं है, वह अधर्म, भ्रष्टाचार और असत्य की शक्ति है। इसलिए जब जब मैं उसके खिलाफ आवाज उठाता हूँ, मोदी जी और उनकी झूठों की मशीन बौखलाती है।

## पूरा देश चाहता है कि राहुल गांधी अगला पीएम बनें – संजय राउत

मुंबई, एजेंसी। शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने कांग्रेस के राहुल गांधी को ष्बड़ा नेताष बताया और दावा किया कि देश उन्हें अगला प्रधानमंत्री बनाना चाहता है। यह टिप्पणी विपक्षी दल इंडिया गुट द्वारा राहुल गांधी की अगुवाई वाली भारत जोड़ो न्याय यात्रा के समापन के बाद मुंबई के शिवाजी पार्क में एक रैली में चुनावी बिगुल बजाने के एक दिन बाद आई है। रैली को राहुल गांधी ने भी संबोधित किया। एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधि ात करते हुए, शिवसेना (यूबीटी) नेता ने कहा, राहुल गांधी देश के एक प्रमुख नेता हैं। देश उन्हें अगले प्रधान मंत्री के रूप में देखता है। राहुल गांधी एक अच्छे इंसान और नेता हैं। लोग उन्हें पसंद करते हैं। हम सभी उनके साथ खड़े हैं। आगे शिवाजी पार्क रैली पर बोलते हुए राउत ने कहा कि विपक्ष अनदेखी ताकतों के खिलाफ लड़ रहा है। ताकतों से लड़ रहे हैं। कांग्रेस की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान राहुल गांधी का जोरदार स्वागत किया गया। विपक्ष की



उन्होंने आगे कहा कि कल, हमने भारत गठबंधन के लिए एक रैली का आयोजन किया। हम अदृश्य उल्लेखनीय हस्तियों ने रैली की शोभा बढ़ाई, जिससे यह एक महत्वपूर्ण सभा बन गई।

## संपादकीय

# लोकतंत्र एक आदर्श व्यवस्था नहीं

हिमाचल प्रदेश में एक प्राचीन भारतीय गांव मलाणा को दुनिया का पहला और सबसे पुराना लोकतंत्र माना जाता है। इस गांव में बनाए गए शुरुआती शासन नियमों को संशोधित किया गया था और अब भी संसदीय लोकतंत्र मॉडल के रूप में देखा जा रहा है। मलाणा गाँव के लोगों की अपनी न्यायपालिका प्रणाली है और यह निचले सदन (कनिश थांग) और ऊपरी सदन (जयेश थांग) द्वारा द्विसदनीय संसद के रूप में शासित होती है। पेनेलोप वैलेंटाइन हेस्टर चेतवोड, एक ब्रिटिश यात्रा लेखक और कवि पुरस्कार विजेता सर जॉन बेटजमैन की पत्नी, जो उत्तरी भारत में पले–बढ़े थे, ने अपने लेखन में मलाणा का व्यापक रूप से उल्लेख किया है। लोकतंत्र या लोकतांत्रिक संस्था की उत्पत्ति, विकास और घटते मूल्य दिलचस्प हैं। इतिहास में पांचवीं शताब्दी ईसा पूर्व में एथेंस में लोकतांत्रिक संस्था की स्थापना दर्ज की गई थी, जब क्लिस्थनीज को श्एथेनियन लोकतंत्र के जनकश के रूप में जाना जाता था, उन्होंने एथेंस के गांवों को 10 जनजातियों में पुनर्गठित किया, जिसने लोकतांत्रिक संस्थाओं की नींव को आकार दिया। पेरिकल्स ने एथेनियन समाज में लोकतांत्रिक विचारधारा में भी योगदान दिया। एथेंस लोकतंत्र का उदाहरण होने के बावजूद, यह कभी भी पूरी तरह से लोकतांत्रिक नहीं था। हालाँकि, प्लेटो ने प्राचीन ग्रीस में लोकतांत्रिक शासन का विरोध किया। लोकतांत्रिक सरकार की दिशा में विकास निकट पूर्व और भारतीय उपमहाद्वीप में भी बहुत पहले ही हो गया था। लोकतंत्र, भारत में एक सदियों पुरानी अवधारणा है, जो भारतीय लोकाचार के अनुसार समाज में श्स्वतंत्रता, स्वीकार्यता, समानता और समावेशिताश के मूल्यों को शामिल करती है, और अपने नागरिकों को श्गुणवत्तापूर्ण और सम्मानजनकश जीवन जीने की अनुमति देती है, या जिसे अब हम कहते हैं। श्विकल्प और आवाजश के रूप में। यह भी वर्णित है कि प्रारंभिक लोकतांत्रिक संस्थाएं श्भारत के स्वतंत्र गणराज्योंश से उत्पन्न हुईं। यूनानी इतिहासकार डियोडोरस ने पुष्टि की कि लोकतांत्रिक राज्य प्राचीन भारत में ही अस्तित्व में थे। आधुनिक युग में, ब्रिटिश संसद के वेस्टमिंस्टर मॉडल (श्सभी संसदों की जननीश, ब्रिटिश राजनेता जॉन ब्राइट द्वारा गढ़ा गया एक वाक्यांश) को भारत सहित पूर्व ब्रिटिश साम्राज्य वाले देशों द्वारा अपनाया गया था। भारत में आधुनिक लोकतंत्र स्वतंत्रता के बाद 1950 में संविधान को अपनाने के साथ शुरू हुआ और संघीय ढांचे के साथ संसदीय प्रणाली की स्थापना हुई। भारत के पहले प्रधान मंत्री जवाहरलाल नेहरू ने देश में लोकतंत्र की ठोस नींव रखी, हालाँकि, छिटपुट रूप से इसमें अनकही विपथन का सामना करना पड़ रहा है! संयुक्त राज्य अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जॉर्ज वाशिंगटन को श्आधुनिक लोकतंत्र का जनकश माना जाता था, और अब्राहम लिंकन ने लोकतंत्र को श्लोगों की, लोगों द्वारा और लोगों के लिएश सरकार के रूप में परिभाषित किया था। ब्रिटिश व्यावहारिकता के संस्थापक, अंग्रेजी दार्शनिक जॉन लॉक भी थे श्लोकतंत्र के पिताश के रूप में प्रशंसित। लोगों द्वारा शासन के रूप में लोकतंत्र की भावना का शायद ही कभी पालन किया जाता है, चुनावी निरंकुशता के आगमन के कारण, जहां नागरिकों के पास कोई श्विकल्प और आवाजश नहीं है। व्यापक विश्वास है कि दुनिया लोकतांत्रिक हो रही है, मिथ्या नाम है। बढ़ते संदेह के कारण दुनिया भर में श्दिशाहीन लोकतंत्रश को लेकर संबंधित व्यक्तियों, नागरिक समाज संगठनों, बुद्धिजीवियों और संवैधानिक विशेषज्ञों में आशंका पैदा हो रही है। श्ऐसा प्रतीत होता है कि भारत सहित अधिकांश देशों में लोकतंत्र उचित या अनुचित, समय–समय पर या छिटपुट चुनावों तक ही सीमित है। कड़वी सच्चाई यह है कि दुनिया श्निरंकुशताश और श्लोकतंत्रश के बीच असमान रूप से विभाजित है। कई लोकतंत्र अभी भी आधी निरंकुशता हैं! विश्व स्तर पर लोकतंत्र का भविष्य खतरे में होने के कारण समय–समय पर इसके अस्तित्व पर असंतोष व्यक्त किया जाता रहा है। जब जर्मन राष्ट्रपति हिंडनबर्ग ने 1933 में एडॉल्फ हिटलर को जर्मनी का चांसलर नियुक्त किया और जब लोकतंत्र के विनाश के बीज बोए गए, तो दुनिया भर में चिंता व्यक्त की गई। हाल ही में, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन ने मार्च 2024 के पहले सप्ताह में अमेरिकी कांग्रेस के संयुक्त सत्र में अपने अंतिम स्टेट ऑफ द यूनियन संबोधन में कहा कि, ट्रम्प के तहत अमेरिका और दुनिया में लोकतंत्र खतरे में है। ट्रंप ने रूसी नेता पुतिन से कहा, जो करना है करो, बिडेन ने इसे अपमानजनक, खतरनाक और अस्वीकार्यश बताया। यह सिर्फ एक उदाहरण है जहां ट्रम्प जैसे नेताओं ने लोगों की आवश्यकताओं की परवाह किए बिना निरंकुश व्यवहार किया। श्परिपक्व लोकतंत्रश की खूबसूरती यह है कि लोकतांत्रिक नेता सक्रिय रूप से हितधारकों से इनपुट और भागीदारी चाहते हैं। वे सभी के लिए पर्याप्त अवसर पैदा करते हैं और विविध दृष्टिकोणों को महत्व देते हैं। ऐसे लोकतंत्र में, सरकार नियामक के बजाय सुविधाप्रदाता अधिक होती है और लोगों पर अपना समय व्यतीत करने, वे क्या मानते हैं और अभ्यास करते हैं, के संबंध में कम नियंत्रण रखती है। लोग अपनी पसंद के राजनीतिक दलों और अन्य समूहों में शामिल होने के लिए स्वतंत्र हैं। तानाशाही या निरंकुशता में, केवल एक नेता का पार्टी, सरकार और देश पर पूर्ण नियंत्रण होगा। लोकतांत्रिक नेतृत्व के निरंकुश प्रकार के तहत, जो कि अधिकांश तथाकथित लोकतंत्रों में दिन का क्रम है, सभी निर्णय लेने की शक्तियां केंद्रीकृत हैं।

# अब भारत होगा उच्च मध्यम आय वाला देश

डा. जयंती लाल भंडारी

हाल ही में 6 मार्च को वैश्विक क्रेडिट रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि भारत आर्थिक, वित्तीय तथा संरचनात्मक सुधारों के कारण वर्ष 2031 तक निम्न मध्यम से उच्च मध्यम आय वाला देश बन जाएगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि चालू वित्त वर्ष 2023–24 में भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर 7.6 प्रतिशत रहने और आगामी वित्त वर्ष 2024–25 में 6.8 प्रतिशत रहने का अनुमान है। भारत फिलहाल 3.6 लाख करोड़ डॉलर के जीडीपी के साथ दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था है। इसके आगे अमरीका, चीन, जापान और जर्मनी हैं। 2030–31 तक भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार 6.7 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंच जाएगा और उस समय तक भारत की प्रति व्यक्ति आय भी बढकर 4500 अमरीकी डॉलर तक पहुंच जाएगी और भारत उच्च मध्यम आय वाले देशों के समूह में शामिल हो जाएगा। गौरतलब है कि विश्व बैंक की परिभाषा के मुताबिक दुनिया में निम्न आय वर्ग वाले 26 देश हैं, जिनकी प्रति व्यक्ति सालाना आय 83000 रुपए या उससे कम है। निम्न मध्यम वर्ग वाले 55 देश हैं जिनकी सालाना प्रति व्यक्ति आय 83000 से 332000 रुपए के बीच है। उच्च मध्यम वर्ग वाले 55 देश हैं जिनकी सालाना प्रति व्यक्ति आय 332000 से 996000 रुपए के बीच है। उच्च वर्ग वाले 79 देश हैं जिनकी प्रति व्यक्ति सालाना आय 1000565 रुपए से अधिक है। इस समय भारत जीडीपी के मद्देनजर दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। भारत से आगे अमरीका, चीन, जर्मनी और जापान हैं। ।क्अमतजपेमउमदज माना जा रहा था कि भारत 2026 में जापान को पीछे कर दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा, लेकिन अब भारत और जापान की अर्थव्यवस्था में बहुत थोड़ा अंतर रह गया है। इसलिए जापान की अर्थव्यवस्था से इसी साल 2024 में भारतीय अर्थव्यवस्था आगे निकल सकती है। 7 मार्च को दुनिया की वैश्विक वित्तीय सेवा कंपनी बार्कलेज ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि आगामी 5 वर्षों तक चीन की विकास दर भारत से कम रह सकती है तथा दुनिया की कुल जीडीपी में भारत का जो वर्तमान योगदान करीब 10 फीसदी है, वह 2028 में बढकर 16 फीसदी हो जाएगा। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि हाल ही में ब्लूमबर्ग के द्वारा भारतीय सरकारी बॉन्डों को अपने सूचकांक में शामिल करने के फैसले से भारतीय ऋण बाजार को काफी मजबूती मिलेगी। इन बॉन्डों को 31 जनवरी 2025 से ब्लूमबर्ग सूचकांक में शामिल किया जाएगा। जेपी मॉर्गन के बाद ब्लूमबर्ग अपने उभरते बाजार बॉन्ड सूचकांक में भारतीय सरकारी बॉन्ड को शामिल करने वाला दूसरा प्रमुख वैश्विक सूचकांक प्रदाता है। जेपी मॉर्गन ने जून 2024 से भारतीय बॉन्डों को अपने सूचकांक में शामिल करने का निर्णय लिया है। भारतीय सरकारी बॉन्डों को ऐसे वैश्विक सूचकांकों में शामिल किए जाने से वैश्विक वित्तीय बाजार में भारत की वित्तीय प्रतिष्ठा बढ़ेगी और इसके कई लाभ होंगे। इससे भारत में विदेशी निवेश बढ़ेंगे, जिससे सरकार को अपने राजकोषीय घाटे की भरपाई करने में मदद मिलेगी। साथ ही सरकार को चालू खाते के घाटे की भरपाई में भी आसानी होगी। यह बात महत्वपूर्ण है कि इन दिनों भारत की अर्थव्यवस्था पर प्रकाशित हो रही राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टों में यह रेखांकित हो रहा है कि भारत की अर्थव्यवस्था विकास की पटरी पर पूरी रफ्तार से दौड़ रही है और विकास की ऐसी तेज रफ्तार से भारत 2027 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश तथा वर्ष 2031 तक उच्च मध्यम आय वाला देश बन जाएगा। साथ ही वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र के रूप में चमकते हुए दिखाई दे सकता है। हाल ही में राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के द्वारा जारी रिपोर्ट के मुताबिक वित्त वर्ष 2023–24 की अक्टूबर से दिसंबर तिमाही में देश का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 8.4 फीसदी की तेज दर से बढ़ा है। जीडीपी की यह रफ्तार भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के 6.5 फीसदी के अनुमान से भी अधिक रही है। जीडीपी के इस उत्साहवर्द्धक परिदृश्य के मद्देनजर अब एनएसओ ने चालू वित्त वर्ष 2023–24 के लिए



विकास दर का अनुमान बढ़ाकर 7.6 फीसदी कर दिया है। इस समय भारतीय शेयर बाजार भी दुनियाभर में ऊंचाइयों पर रेखांकित होते हुए दिखाई दे रहा है। 7 मार्च 2024 को जो सेंसेक्स 74000 से अधिक की अब तक की रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचा है, वह 2024 के अंत तक 100000 से अधिक के स्तर पर पहुंच सकता है। इस तरह भारतीय अर्थव्यवस्था उम्मीद से बढकर प्रदर्शन कर रही है। इससे पता चलता है कि अर्थव्यवस्था की ताकत और क्षमता बढ़ रही है और इससे भारत विकसित राष्ट्र बनने की डगर पर आगे बढने की अच्छी संभावनाएं रखता है। इसमें कोई दो मत नहीं कि इस समय भारत दुनिया की सबसे तेज अर्थव्यवस्था के साथ आर्थिक विकास की डगर पर तेजी से बढ़ रहा है। भारतीय अर्थव्यवस्था को आर्थिक पंख लगे हुए दिखाई दे रहे हैं। घरेलू संरचनात्मक सुधार, मैन्युफैक्चरिंग, ग्लोबल सप्लाई चेन, इंफ्रास्ट्रक्चर में इन्वेस्टमेंट और ग्रीन एनर्जी पर निर्भरता बढने से भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है।

# मतुआ वोट पर कौन लगाएगा कब्जा

आदित्य

वे राजनीतिक विरोधी हो सकते हैं लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी में कुछ समानताएं हैं। दोनों ही किसी और के साथ मंच साझा करने के खिलाफ हैं, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वे अकेले ही सुर्खियों में बने रहें। ममता बनर्जी का मामला लीजिए. कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में एक प्रभावशाली सार्वजनिक रैली के साथ लोकसभा चुनाव अभियान शुरू करने के एक हफ्ते से अधिक समय बाद, हर कोई अभी भी कार्यक्रम स्थल पर उनके रैंप वॉक के बारे में बात कर रहा है, जब वह अपना भाषण देने से पहले अकेले चली थीं। इस अवसर पर उन्होंने आगामी लोकसभा चुनावों के लिए तृणमूल कांग्रेस द्वारा मैदान में उतारे गए 42 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की। रैली के बाद, वह इन 42 उम्मीदवारों के साथ बाहर चली गईं। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री के भतीजे और राजनीतिक उत्तराधिकारी अभिषेक बनर्जी उनके साथ नहीं चले, लेकिन चुने गए उम्मीदवारों में से थे, भले ही वह रैली में दूसरे स्टार वक्ता थे। संदेश स्पष्ट थारू ममता बनर्जी नेता हैं और बाकी सभी या तो अनुयायी हैं या प्रशिक्षु हैं। यह कोई आश्चर्य की बात नहीं थी जब विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा को छह महीने का विस्तार मिला क्योंकि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस. जयशंकर दोनों ही उनके प्रति नरम रुख रखने वाले माने जाते हैं। क्वात्रा न केवल वैचारिक रूप से वर्तमान व्यवस्था के साथ जुड़े हुए हैं, बल्कि वह कम प्रोफाइल भी रखते हैं। अब जब श्री क्वात्रा का कार्यकाल समाप्त हो गया है, साउथ ब्लॉक के मंदारिन संयुक्त राज्य अमेरिका में अगले भारतीय राजदूत के बारे में अटकलें लगाने में व्यस्त हैं। यदि नौकरशाही हलकों में चर्चा पर विश्वास किया जाए, तो उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार विक्रम मिस्री इस प्रतिष्ठित पद के लिए सबसे आगे हैं। श्री मिस्री, जो पहले चीन में भारत के दूत के रूप में काम कर चुके हैं, के बारे में यह भी कहा जाता है कि वे श्री मोदी और श्री जयशंकर के अच्छे मित्रों में से एक हैं। इस बीच, अमेरिका में पूर्व भारतीय राजदूत तरणजीत सिंह संधू भाजपा के साथ राजनीतिक करियर बनाने के लिए तैयार दिख रहे हैं। उन्हें अमृतसर से लोकसभा टिकट दिया जा रहा है। उनके वरिष्ठ सहयोगी और पूर्व विदेश सचिव हर्ष श्रृंगला ने पहले ही दार्जिलिंग में एक जन संपर्क कार्यक्रम शुरू कर दिया है क्योंकि वह वहां से भाजपा के टिकट की दौड़ में हैं। आगामी लोकसभा चुनाव से पहले नागरिकता (संशोधन) अधिनियम नियमों को अधिसूचित करने का मोदी सरकार का निर्णय पश्चिम बंगाल के मटुआ समुदाय के समर्थन को और मजबूत करने के प्राथमिक उद्देश्य से लिया गया था जो इस कानून के कार्यान्वयन पर जोर दे रहा है। जैसा कि अनुमान था, अधिसूचना की खबर का केंद्रीय जहाजरानी राज्य मंत्री शांतनु ठाकुर के नेतृत्व में जोरदार जयकारों और जश्न के साथ स्वागत किया गया, जिन्होंने मटुआ समुदाय की नागरिकता की मांग को उठाया है। लेकिन जल्द ही आवेदन प्रक्रिया को लेकर भ्रम की स्थिति पैदा हो गई। जबकि मटुआ समुदाय के ठाकुरनगर निवासी नए नियमों के तहत नागरिकता के लिए आवेदन करने के जोखिम पर विचार कर रहे हैं, कनिष्ठ मंत्री के स्थानीय कार्यालय ने उन्हें बताया है कि वह यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि फॉर्म की क्या आवश्यकता है और आवेदन जमा करने के परिणाम क्या होंगे। स्पष्टता की इस कमी का फायदा उठाते हुए, टीएमसी ने बताया है कि आवेदक को अपने पिता का जन्म प्रमाण पत्र जमा करना होगा। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने फॉर्म को कानूनी रूप से संदिग्ध बताया है और कहा है कि कई अन्य लोगों की तरह उनके पास भी अपने पिता का जन्म प्रमाण पत्र नहीं है। जबकि भाजपा द्वारा लोकसभा चुनाव के लिए कई राज्यसभा सदस्यों को मैदान में उतारा गया है, इसका नेतृत्व वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के लिए जीतने योग्य सीट खोजने के लिए संघर्ष कर रहा है। एक सप्ताह पहले तक ऐसी अफवाहें जोरों पर थीं कि उन्हें बेंगलुरु के किसी निर्वाचन क्षेत्र से मैदान में उतारा जा सकता है। हालाँकि, वे अफवाहें शांत हो गई हैं। कर्नाटक भाजपा नेताओं का कहना है कि राज्य इकाई ने दिल्ली में पार्टी आकाओं को बताया था कि राज्य से सीतारमण की उम्मीदवारी को अच्छी प्रतिक्रिया नहीं मिलेगी और इससे अन्य सीटों पर पार्टी की संभावनाओं को भी नुकसान हो सकता है। उन्होंने कहा कि सीतारमण का बाहरी होने का टैग एक बड़ा नकारात्मक साबित हो सकता है क्योंकि भाजपा और कांग्रेस दोनों ने हाल के चुनाव अभियानों में कन्नड़ गौरव का जिक्र किया है। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि राज्य इकाई को लगा कि कावेरी जल मुद्दे पर कर्नाटक की समस्याओं और उनकी तमिल पहचान पर सीतारमण की चुप्पी नकारात्मक साबित हो सकती है। भाजपा के अंदरूनी सूत्रों का कहना है कि सुश्री सीतारमण को तमिलनाडु या एपी से मैदान में उतारा जा सकता है, एक अन्य राज्य जिसका उन्होंने राज्यसभा में प्रतिनिधित्व किया है। कैसे शक्तिशालियों का पराभव हुआ। एक समय कांग्रेस नेतृत्व की आंतरिक मंडली के एक महत्वपूर्ण सदस्य रहे सुरेश पचौरी हाल ही में भाजपा में शामिल होने के बाद भीड़ में एक और चेहरा बनकर रह गए हैं। अगर पचौरी ने सोचा था कि उन्हें यहां भी वही प्रमुखता मिलेगी जो उन्हें कांग्रेस में मिली थी, तो वे गलत थे। एमपी में पार्टी के एक समारोह की हालिया तस्वीर सब कुछ बयां कर रही है। इसमें वर्तमान और पूर्व मुख्यमंत्री को दिखाया गया है, जिनके बगल में कई मुस्कुराते हुए भाजपा के राज्य नेता हैं।

# आम चुनाव में अर्जुन की आंख चाहिए



ललित

लोकसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है और चुनाव का माहौल गरमा रहा है। चुनावों की तारीखें घोषित किए जाने के साथ ही जैसी कि उम्मीद थी, सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बयानबाजी और तेज हो गई। कौरव रूपी विपक्षी दल एवं पाण्डव रूपी भाजपा के बीच इस चुनाव में असली जंग सत्य और असत्य के बीच है। सत्ता पक्ष और विपक्ष की यह नोक–झोंक ही तो लोकतंत्र की खूबसूरती है, यह जितनी शालीन एवं उग्र होगी, लोकतंत्र का यह महापर्व कुंभ उतना ही ऐतिहासिक एवं खास होगा। भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतन्त्र है और उदार बहुदलीय राजनैतिक प्रणाली का जीवन्त उदाहरण है जिसकी वजह से चुनावों का समय एवं प्रचार विविधतापूर्ण, आक्रामक व रंग–रंगीला होना ही है मगर इसमें कहीं भी कड़वापन, उच्छृंखलता और आपसी रंजिश का पुट नहीं आना चाहिए। इस बार के चुनाव में जहां भाजपा नेतृत्व अगले 20 वर्षों का विजन पेश कर रहा है, वहीं कांग्रेस नेतृत्व इसे लोकतंत्र बचाने का आखिरी मौका करार दे रहा है। यानी इन चुनावों का फलक पांच साल के काम के आधार पर अगले पांच साल के लिए जनादेश के सामान्य ट्रेंड तक सीमित नहीं रहा। यह चुनाव असल में आजादी के अमृतकाल यानी वर्ष 2047 के लक्ष्य को सुनिश्चित करने वाला है। इस चुनाव में सर्वाधिक चर्चा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उनके भावी देश–निर्माण के संकल्प की है। असल में तो इन चुनाव में भाजपा की जीत तो निश्चित मानी जा रही है, लेकिन वह अपने 400 के लक्ष्य को हासिल कर पाती है या नहीं? भाजपा इसके इर्द–गिर्द अपना अभियान चला रही हैं। जबकि विपक्ष जीत का दावा करते हुए भाजपा के इस बड़े लक्ष्य को हास्यास्पद बता रहा है, उनके प्रति अपनी नापसंदगी से परेशान है। भाजपा के पास बड़ा उद्देश्य है, जबकि विपक्ष भाजपा की काट करने के लिये भी प्रभावी मुद्दे नहीं तलाश पा रही है। भाजपा प्रचार में शामिल हैं – आर्थिक विकास, देश और विदेश में सशक्त राष्ट्रवाद, हिंदुत्व, सांस्कृतिक पुनरुत्थान, नया भारत–सशक्त भारत, औद्योगिक क्रांति, दुनिया की महाशक्ति बनना, स्थिरता, शांति। विपक्ष इन ही बड़े उद्देश्यों की आलोचना कर रहा है। मोदी इन चुनावों के महानायक है, परिवर्तनकारी व्यक्ति हैं जो स्थिरता का वादा करते हुए वोट मांग रहे हैं। अपने आलोचकों के लिए, वह एक अत्यंत ध्रुवीकरण करने वाले व्यक्ति हैं। इस बार का आम चुनाव रोमांचक होने के साथ देश में बड़े परिवर्तन का कारण बनेगा। इस चुनाव में सभी पार्टियां सरकार बनाने का दावा पेश कर रही हैं और अपने को ही विकल्प बता रही हैं तथा मतदाता सोच रहा है कि देश में नेतृत्व का निर्णय मेरे मत से ही होगा। इस वक्त मतदाता मालिक बन जाता है और मालिक याचक। बस केवल इसी से लोकतंत्र परिलक्षित है। तोड़ने में लगे हुए हैं। जो नेतृत्व स्वतंत्रता प्राप्ति का शस्त्र बना था, वही नेतृत्व जब तक पुनः प्रतिष्ठित नहीं होगी तब तक मत, मतदाता और मतपेटियां सही परिणाम नहीं दे सकेंगी। आज देश को एक सफल एवं सक्षम नेतृत्व की अपेक्षा है, जो राष्ट्रहित को सर्वोपरि माने। आज देश को एक अर्जुन चाहिए, जो मछली की आंख पर निशाने की भांति भ्रष्टाचार, राजनीतिक अपराध, महंगाई, बेरोजगारी, बढ़ती आबादी, सरकारी खजाने का गलत इस्तेमाल, देश की सीमा–रक्षा आदि समस्याओं पर ही अपनी आंख गडाए रखें।

# गौरैया की विलुप्ति की त्रासदी चिंताजनक

ललित

विश्व गौरैया दिवस 20 मार्च को दुनियाभर में मनाने का उद्देश्य गौरैया पक्षी की लुप्त होती प्रजाति को बचाना है। पेड़ों की अंधाधुंध होती कटाई, आधुनिक शहरीकरण और लगातार बढ़ रहे प्रदूषण से गौरैया पक्षी विलुप्त होने के कगार पर पहुंच चुकी है। इस दिवस की थीम पिछले कुछ वर्षों से एक ही रही है कि, 'आई लव स्पैरोज' (गौरैया)। यह थीम इस दुनिया को पक्षियों, जानवरों और मनुष्यों के लिए एक बेहतर जगह बनाने के सपने एवं उनके संरक्षण से प्रेरित है। एक वक्त था जब गौरैया की चीं–चीं की आवाज से ही लोगों की नींद खुला करती थी लेकिन अब ऐसा नहीं है। यह एक ऐसी पक्षी है जो मनुष्य के इर्द–गिर्द रहना पसंद करती है। गौरैया पक्षी की संख्या में लगातार कमी एक चेतावनी है कि प्रदूषण और रेडिएशन प्रकृति और मानव के ऊपर क्या प्रभाव डाल रहा है। गौरैया पृथ्वी पर सबसे आम और सबसे पुरानी पक्षी प्रजातियों में से एक है। ये छोटे, मनमोहक एवं शांति देने वाले पक्षी सदियों से हमारे जीवन का हिस्सा रहे हैं और प्रकृति में संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस दिन, हम उनकी सुंदरता एवं उपयोगिता की सराहना करने के लिए कुछ समय निकाल सकते हैं और सीख सकते हैं कि हम उनकी सुरक्षा में कैसे मदद कर सकते हैं। भारत और दुनियाभर में गौरैया पक्षी की संख्या में लगातार कमी आ रही है। दिल्ली में तो गौरैया इस कदर दुर्लभ हो गई है कि ढूंढे से भी यह पक्षी देखने को नहीं मिलता, इसलिए वर्ष 2012 में दिल्ली सरकार ने इसे राज्य–पक्षी घोषित कर दिया था। गौरैया की लुप्त होती प्रजाति और कम होती आबादी बेहद चिंता का विषय है। दुनिया भर की कई संस्कृतियों में, गौरैया सादगी, खुशी और सुरक्षा का प्रतीक है। यह उनकी पारिस्थितिक भूमिका के अलावा हमारी साझा मानव संस्कृति और लोककथाओं में भी उनके महत्व को दर्शाता है। घरों को अपनी चीं–चीं से चहकाने वाली गौरैया अब दिखाई नहीं देती। इस छोटे आकार वाले खूबसूरत एवं शांतिपूर्ण पक्षी का कभी इंसान के घरों में बसेरा हुआ करता था और बच्चे बचपन से इसे देखते हुए बड़े हुआ करते थे। अब स्थिति बदल गई है। गौरैया के अस्तित्व पर छाए संकट के बादलों ने इसकी संख्या काफी कम कर दी है और कहीं–कहीं तो अब यह बिल्कुल दिखाई नहीं देती। इस नन्हें से परिंदे को बचाने के लिए ही पिछले कुछ सालों से विश्व गौरैया दिवस मनाते आ रहे हैं। गौरैया देशी पौधों वाले क्षेत्रों में पनपती है, तो क्यों न हम अपने बगीचे में कुछ पौधे लगाकर गौरैया को नया जीवन देने का उपक्रम करें। पहली बार यह दिवस नेचर फॉरएवर सोसाइटी द्वारा भारत में गौरैया और अन्य सामान्य पक्षियों की घटती आबादी के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लक्ष्य के साथ मनाया गया था। नासिक निवासी मोहम्मद दिलावर ने घरेलू गौरैया पक्षियों की सहायता हेतु नेचर फोरेवर सोसाइटी की स्थापना की थी। इनके इस कार्य को देखते हुए टाइम ने 2008 में इन्हें हिरोज ऑफ दी एनवायरमेंट नाम दिया था। पर्यावरण के संरक्षण और इस कार्य में मदद की सराहना करने हेतु एनएफएस ने 20 मार्च 2011 में गुजरात के अहमदाबाद शहर में गौरैया पुरस्कार की शुरुआत की थी। गौरैया के अस्तित्व पर मंडरा रहा खतरा मानवता पर भी एक प्रश्नचिह्न भी है। गौरैया जैसे बेजुबान पक्षियों का बड़ी संख्या में विलुप्त होना पर्यावरण संतुलन के लिये तो बड़ा खतरा है ही लेकिन इसका असर मानव जीवन पर भी होगा। यह धरती केवल इंसानों के लिये नहीं है, बल्कि वन्य जीवों के लिये भी है, इसलिये पक्षियों का विलुप्त होना या मरना हमारे लिये चिन्ता का बड़ा कारण बनना चाहिए। पक्षी विज्ञानी हेमंत सिंह के अनुसार गौरैया की आबादी में 60 से 80 फीसदी तक की कमी आई है। यदि इसके संरक्षण के उचित प्रयास नहीं किए गए तो हो सकता है कि गौरैया इतिहास का प्राणी बन जाए और भविष्य की पीढ़ियों को यह देखने को ही न मिले। ब्रिटेन की 'रॉयल सोसायटी ऑफ प्रोटेक्शन ऑफ बर्डस' ने भारत से लेकर विश्व के विभिन्न हिस्सों में अनुसंधानकर्ताओं द्वारा किए गए अध्ययनों के आधार पर गौरैया को 'रेड लिस्ट' में डाला है। आंध्र विश्वविद्यालय द्वारा किए गए अध्ययन के मुताबिक गौरैया की आबादी में करीब 60 फीसदी की कमी आई है। यह ह्रास ग्रामीण और शहरी, दोनों ही क्षेत्रों में हुआ है। पश्चिमी देशों में हुए अध्ययनों के अनुसार गौरैया की आबादी घटकर खतरनाक स्तर तक पहुंच गई है। गौरैया का भौगोलिक दायरा बहुत बड़ा है। वे अंटार्कटिका को छोड़कर हर महाद्वीप के मूल निवासी हैं और विभिन्न जलवायु और वातावरण में रहने के लिए अनुकूलित हैं। लेकिन गौरेया पक्षी मानवीय लोभ की भेंट तो चढ़ ही रहे हैं, जलवायु परिवर्तन के कारण भी इनकी संख्या लगातार कम हो रही है। कानूनों की धज्जियां उड़ाते हुए पक्षियों का शिकार एवं अवैध व्यापार जारी है। गौरैया जैसे पक्षी विभिन्न रसायनों और जहरीले पदार्थों के प्रति अति संवेदनशील होते हैं। ऐसे पदार्थ भोजन या फिर पक्षियों की त्वचा के माध्यम से शरीर में पहुंचकर उनकी मौत का कारण बनते हैं। भोजन की कमी होने, घोंसलों के लिए उचित जगह न मिलने तथा माइक्रोवेव प्रदूषण जैसे कारण इनकी घटती संख्या के लिए जिम्मेदार हैं। जन्म के शुरुआती पंद्रह दिनों में गौरैया के बच्चों का भोजन कीट–पतंग होते हैं। पर आजकल हमारे बगीचों में विदेशी पौधे ज्यादा उगाते हैं, जो कीट–पतंगों को आकर्षित नहीं कर पाते। जीवन के अनेकानेक सुख, संतोष एवं रोमांच में से एक यह भी है कि हम कुछ समय पक्षियों के साथ बिताने में लगाते रहे हैं, अब ऐसा क्यों नहीं कर पाते? क्यों हमारी सोच एवं जीवनशैली का प्रकृति–प्रेम विलुप्त हो रहा है? मनुष्य के हाथों से रचे कृत्रिम संसार की परिधि में प्रकृति, पर्यावरण, वन्यजीव–जंगल एवं पक्षियों का कलरव एवं जीवन–ऊर्जा का लगातार खत्म होते जाना जीवन से मृत्यु की ओर बढ़ने का संकेत है। खुद को परिस्थितियों के अनुकूल बना लेने वाली यह चिड़िया अब भारत ही नहीं, यूरोप के कई बड़े हिस्सों में भी काफी कम रह गई है। ब्रिटेन, इटली, फ्राँस, जर्मनी और चेक गणराज्य जैसे देशों में इनकी संख्या जहाँ तेजी से गिर रही है, तो नीदरलैंड में तो इन्हें 'दुर्लभ प्रजाति' के वर्ग में रखा गया है। मोबाइल फोन तथा मोबाइल टॉवरों से निकलने वाली सूक्ष्म तरंगें गौरैया के अस्तित्व के लिए खतरा बन रही हैं।

# मुज्जफरनगर में शिक्षक की हत्या पर जौनपुर प्रशासन दुःख की घड़ी में शिक्षक समुदाय के साथ है - डा. ज्ञान प्रकाश

## पर्यवेक्षक अधिकारी ने मूल्यांकन केन्द्रों का किया पर्यवेक्षण , कहा कि भली भांति से हो रहा पुस्तिकाओं का मूल्यांकन






देश की उपासना

क्राइम रिपोर्टर धनंजय विश्वकर्मा

जौनपुर। अपर मुख्य सचिव माध्यमिक शिक्षा उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ के निर्देश के पर माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश वर्ष 2024 की हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा का उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन कार्य जनपद जौनपुर में हो रहा है द्य जो दिनांक 16 3.2024 से प्रारंभ होकर 31 3 2024 तक करने हेतु मूल्यांकन केंद्र बनाए गए है । उक्त मूल्यांकन केन्द्रों पर जिला अधिकारी रविंद्र कुमार मांदेड़ के द्वारा निर्धारित मूल्यांकन केंद्र पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है एवं मूल्यांकन कार्य के पर्यवेक्षक हेतु पर्यवेक्षक अधिकारी के रूप में डॉक्टर ज्ञान प्रकाश उप जिला अधिकारी जौनपुर को नामित किया गया है। पर्यवेक्षक अधिकारी डॉ ज्ञान प्रकाश उप जिला अधिकारी जौनपुर द्वारा आज मूल्यांकन केंद्र राजकीय बालिका इंटर कॉलेज सदर , बीआरपी इंटर कॉलेज , राजा डीएमसी इंटर कॉलेज, मोहम्मद हसन इंटर कॉलेज आदि का पर्यवेक्षण किया। पर्यवेक्षक केन्द्रों पर शिक्षकगण मूल्यांकन करते हुए पाए गएद्य तथा विद्यालय में मूल्यांकन केन्द्रों पर हवा एवं पानी तथा प्रकाश की समुचित व्यवस्था है। परीक्षक अधिकारी के द्वारा प्रधानाचार्य को निर्देशित किया गया की मूल्यांकन कार्य में लगे हुए अध्यापकों की सत्प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित की जाएद्य साथ ही निर्धारित मानक के अनुरूप ही उनको उत्तर पुस्तिकाएं उपलब्ध कराई जाएद्य जिससे वो भली प्रकार से अवलोकन कर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कर सके । उन्होंने अध्यापकों से यह भी कहा कि प्रत्येक पुस्तिका को अच्छे से समय देकर जांच करें । जिससे किसी भी बच्चों के साथ कोई भेदभाव न हो द्य साथ ही किसी प्रकार की लापरवाही ना वरती जाए। मुजफ्फरनगर में राजकीय शिक्षक के साथ घटित घटना को संज्ञान में लेते हुए पर्यवेक्षक अधिकारी डॉ ज्ञान प्रकाश उप जिलाधिकारी ने प्रत्येक कक्ष में जाकर उपस्थित शिक्षकों के साथ वार्ता कीया और उनको जिला प्रशासन की ओर से शोक संवेदना व्यक्त की द्य साथ ही यह भरोसा दिलाया कि जिला प्रशासन दुःख की घड़ी में शिक्षक समुदाय के साथ है । साथ ही उन्होंने प्रत्येक कक्षा के कक्ष में जाकर शिक्षकों को 2024 की बोर्ड परीक्षा में अपने दायित्वों का पालन करते हुए नकल विहीन परीक्षा सकुशल संपन्न करने पर बधाई दी। वही बीआरपी इंटर कॉलेज एवं राजकीय बालिका इंटर कॉलेज के द्वारा ज्ञापन भी इस अवसर पर पर्यवेक्षक अधिकारी को सौपा। पर्यवेक्षक अधिकारी द्वारा उनको भरोसा दिलाया। कि यह ज्ञापन माननीय मुख्यमंत्री जी को अति शीघ्र उचित माध्यम से प्रेषित कर दिया जाएगाद्य जिस पर माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नियमानुसार समय पर उचित निर्णय होगा। सभी प्रधानाचार्यों ने जिला प्रशासन के इस कदम पर पर्यवेक्षक अधिकारी द्वारा प्रत्येक कक्ष में जाकर निरीक्षण कर विगत परीक्षा में उनके द्वारा किया गया कार्य पर उनको बधाई दिएद्य बधाई प्राप्त शिक्षक ने पर्यवेक्षक अधिकारी की सराहना कीया।

# जौनपुर कांग्रेस कमेटी घोषित नौ उपाध्यक्ष 13 महासचिव 32 सचिव सहित अनिल दूबे आजाद बनाए गए मीडिया प्रभारी

अनिल दूबे आजाद

जिलाप्रवक्ता/मीडिया प्रभारी

जौनपुर। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय ने जौनपुर जनपद कांग्रेस कमेटी घोषित कर दिया है प्रदेश महासचिव अनिल यादव के हस्ताक्षर से जारी सूची में अध्यक्ष फैसल हसन तबरेज सहित 9 उपाध्यक्ष 13 महासचिव और 32 सचिव बनाए गए हैं ज्ञानेश सिंह कोषाध्यक्ष नियाज अहमद शेखू,अनिल दूबे आजाद मीडिया प्रभारी बनाए गए हैं इस भारी भरकम जिला कमेटी में सभी छ तहसीलों और समस्त विकास खंड के कार्यकर्ताओं को समायोजित किया गया है सभी जाति धर्म वर्ग के लोगों को उचित प्रतिनिधित्व भी दिए जाने का प्रयास दिख रहा है प्रेस को जारी विज्ञप्ति में मीडिया प्रभारी ध्प्रवक्ता अनिल दुबे आजाद ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामना प्रेषित करते हुए आशा व्यक्त किया है कि सब अपने जिम्मेदारियां का बखूबी निर्वहन करने के लिए कमर कस कर तैयार रहे ताकि जनपद जौनपुर में पार्टी अत्यधिक मजबूती के साथ चुनाव मैदान में उतर रहे प्रत्याशियों के सहयोग में तत्पर रहे।

# पुस्तक चिलम व सदाए पुष्कर का हुआ विमोचन

सुलतानपुर। बल्दीराय तहसील क्षेत्र अंतर्गत राममिलन सालिक राम ज्ञानोद्धय इंटर कॉलेज के सभागार में कवि साहित्यकार पुष्कर सुलतानपुरी की दो पुस्तको चिलम व सदाए पुष्कर का विमोचन हुआ। विद्यालय के सभागार में आयोजित पुस्तक विमोचन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि देश के जानेमाने कवि महेश मिसिर रहे तथा अध्यक्षता विजय बहादुर सिंह प्रवक्ता ने की पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवम विशिष्ठ अतिथि धर्मेन्द्र वर्मा डायरेक्टर द विश्वनाथ फिल्म्स मुम्बई मुख्य वक्ता डा अवधेश त्रिपाठी जी ने पुस्तक सदाए पुष्कर तथा प्रसिद्ध पुस्तक चिलम का विमोचन किया उन्होंने चिलम पुस्तक आध्यात्मिक होने के बारे विधिवत प्रकाश डाला। हिन्दी श्री प्रकाशन की चर्चित पुस्तक चिलम के विमोचन के पश्चात् कवि सम्मेलन का शुभारंभ कुशी नगर से आए विकास चौरसिया के वाणी वन्दना से हुआ।




प्रताप गढ़ से आए ओज के प्रसिद्ध कवि लवलेश यदुवंशी ने

राम जी की जान बसी जानकी की जान में तो

जानकी की जान बसी राम जी की जान में...!

पढ़कर माहौल भक्ति मय कर दिया

सूरत गुजरात से आए मुख्य अतिथि महेश मिसिर ने अपनी पंक्तियां पढ़ी

प्रिय तुम रामचरितमानस पढ़ना।।

केवट की भक्ति भरी गगरी,

फल मीठे बेर लिए शबरी,

है धन्य अयोध्या की नगरी,

अवसादों में जब घिरना,

हास्य की दुनिया में अपना परचम लहराने वाले हास्य कवि राजकुमार तिवारी ने

अरजी सुनहु अब हमारी,

मोरी महतारी

सुनाकर माहौल फागुनी कर दिया।

अयोध्या की धरती से पधारे युवा कवि सुनील यादव ने अपनी चार लाईन पढकर श्रोताओ में वाह वाही लूटी

वो चिंगारी लेके निकले हैं अब शहर जलाके मानेंगे।

तहजीब, अमन, भाईचारे का खण्डहर जलाके मानेंगे।।

कार्यक्रम का संचालन कर रहे कर्मराज शर्मा तुकांत ने बांसुरी के ऊपर अपनी चर्चित रचना इस प्रकार पढ़ी

बांसुरी छेद कितने बदन में तेरे।

कितना आनन्द आता रुदन में तेरे

सुनाकर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया

पुष्कर सुल्तानपुरी ने

चुनावी जनसभाओं से न बेमतलब के रण से है।

शिकायत है हमें तो इस तरह पोषण भरण से है।।

कई खेतों में फसलें अपने मन से लेट जाती हैं,

न आंधी है, न बारिश है, तो किसके अनुसरण से है।

कार्यक्रम में अन्य कई कवियों ने अपना अपना काव्य पाठ किया

पुस्तक विमोचन कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रवक्ता विजय बहादुर सिंह ने कवि सम्मेलन के पश्चात कार्यक्रम की समापन की घोषणा की कार्यक्रम देर रात तक चलता रहा। पुस्तक विमोचन कार्यक्रम के आयोजक राष्ट्रीय कवि संगम गुजरात प्रांत के अध्यक्ष महेश मिसिर ने कवियो समाज सेवियो तथा पत्रकारो को बस्त्र तथा प्रतीक चिन्ह देकर उन्हे समानित कर आभार प्रगट किया।

# सरकार की कल्याणकारी योजनाएं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सशक्त नीति बना भाजपा की जीत का आधार – अजीत सिंह




हरदोई (अम्बरीष कुमार सक्सेना)

हरदोई। भारतीय जनता पार्टी हरदोई लोकसभा की 156 विधान सभा चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक जिला कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद भाजपा जिला अध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने लोकसभा चुनाव की जीत का मूल मंत्र देकर भाजपा कार्यकर्ताओं को लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ सरकार की कल्याणकारी योजनाएं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सशक्त नीति है, इसलिए जनता भाजपा से सहमत है और मोदी की गारंटी से संतुष्ट है। अब सभी कार्यकर्ताओं को चुनाव प्रबंधन समिति के माध्यम से सामूहिक रूप से हरदोई लोकसभा क्षेत्र में 156 विधानसभा में मतदाताओं को भाजपा के पक्ष में मतदान कराने की सभी योजनाओं को गति प्रदान करना है। उन्होंने आगे कहा कि कार्यकर्ता लाभार्थियों से सम्पर्क स्थापित कर भाजपा के पक्ष में समर्थन मांगे। केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में चर्चा करने के साथ हर कार्य क्षेत्र में कार्य करना है हर काम को आगे बढ़कर करना है और अबकी बार चार सौ पार के लक्ष्य को प्राप्त करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक बार पुनः प्रधानमंत्री बनाना है तथा जनता के आशीर्वाद से इस बार प्रचंड बहुमत से हरदोई लोकसभा में कमल खिलाना है। बैठक को पूर्व सांसद एवं लोकसभा प्रत्याक्षी जय प्रकाश ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त नेतृत्व में देश से लेकर गांव अभूतपूर्व विकास के परिवर्तन का साक्षी बना है। भाजपा पर कभी शहरी पार्टी होने का तमगा लगता था पर संघठन के कठोर परिश्रम और सत्कार की कल्याणकारी योजनाओं ने पार्टी को गांव गांव तक पहुंचाया। इसका श्रेय पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष से लेकर बूथ अध्यक्षों को जाता है। उन्होंने देश के विकास में भाजपा की अहमियत गिनते हुए कहा कि सत्तर सालों बाद आज देश की यह मानसिकता बन गई है जब हम गरीबी की नहीं बल्कि देश को विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था में शामिल होने की बात करते है। देश विदेश में भारत की आर्थिक प्रगति का गुडगान हो रहा है। लोकसभा संयोजक प्रीतेश दीक्षित ने बैठक में सभी पदाधिकारियों को उनके दायित्वों के विषय में जानकारी प्रदान की।बैठक में मुख्य रूप से भाजपा के जिला अध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन, जिला उपाध्यक्ष एवं लो.स. प्रभारी प्रीतेश दीक्षित, नि. सांसद एवं लोकसभा के प्रत्याशी जय प्रकाश रावत, वि. स. संयोजक अविनाश मिश्र, विधानसभा प्रभारी नंदलाल शास्त्री और विपिन गौर मंच पर मौजूद रहे।

# इंजीनियरिंग के 32 विद्यार्थियों का हुआ प्लेसमेंट

## ओसियन टेक्नोलॉजी के द्वारा किया गया प्लेसमेंट ड्राइव



ब्यूरो प्रमुख

विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में चल रहे प्लेसमेंट की प्रक्रिया में इंजीनियरिंग के छात्रों के प्लेसमेंट के लिए ओसियन टेक्नोलॉजी कंपनी आई हुई है। प्लेसमेंट प्रक्रिया के तहत कुल 32 विद्यार्थियों का चयन किया गया। कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। ओसियन टेक्नोलॉजी द्वारा इस प्लेसमेंट की प्रक्रिया को चार भागों में बांटा गया। प्लेसमेंट प्रक्रिया को शुरू करने से पहले उन्होंने सभी छात्रों के साथ प्री प्लेसमेंट वार्ता की। इसमें उन्होंने बच्चों को अपनी कंपनी और वहां के कार्यों के बारे में बताया, फिर उन्होंने प्लेसमेंट प्रक्रिया की पहली राउंड एप्टीट्यूड टेस्ट में उत्तीर्ण छात्रों में से 100 छात्रों को इंटरव्यू के लिये बुलाया गया। दो राउंड के इन्टरव्यू प्रकिया के बाद 32 छात्रों को चयनित किया गया। इसमें पहले टेक्निकल राउंड के पश्चात एचआर राउंड इंटरव्यू किया गया, जिसमें इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियरिंग के 14 छात्र, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के 9 छात्र, कम्प्यूटर साइंस के 3 छात्र, इन्फर्मेशन टेक्नोलॉजी के 2 छात्र और मास्टर इन कम्प्यूटर अप्लिकेशन के तीन और बीसीए का एक विद्यार्थी चयनित किया गया। इस पूरी चयन प्रक्रिया के दौरान सेंट्रल ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के निदेशक प्रो प्रदीप कुमार, डॉ. अमरेंद्र सिंह, डॉ. दीपप्रकाश सिंह, डॉ. आलोक दास, डॉ. अनुराग सिंह, श्याम त्रिपाठी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सेंट्रल ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के मुख्य सदस्य यत्नदीप दुबे, विकास यादव, नवनीत मौर्य,सरिता सिंह, अनुषा वर्मा, प्रकृति गुप्ता, श्रेया मिश्रा , रिचा यादव, आकाश कुमार, राहुल राज , शुभम कुमार आदि छात्र उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ

ब्यूरो प्रमुख

विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। तिलकधारी स्नातकोत्तर महाविद्यालय जौनपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर के तृतीय दिवस प्रथम सत्र का शुभारंभ मुख्य अतिथि वरिष्ठ यातायात निरीक्षक जौनपुर, उत्तर प्रदेश पुलिस श्री जी डी शुक्ला जी द्वारा माँ सरस्वती के प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं द्वीप प्रज्वलन कर किया गया । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एनएसएस स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया और कहा कि उन्हें अपने जनपद में 75ः से अधिक मतदान के लिए मतदाताओं को जागरूक करना है और जिनकी उम्र 18 वर्ष से अधिक हो उन्हें स्वयं मतदान में हिस्सेदारी करनी चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ विपिन कुमार सिंह ने भारतीय लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत बनाने के लिए अधितकम मतदान के लिए बच्चों को प्रेरित किया। भारत सरकार के मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत, जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमान जिलाधिकारी महोदय और प्रशासन के देख रेख में मुख्य अतिथि महोदय ने सुबह 9रू30 बजे तिलकधारी स्नातकोत्तर महाविद्यालय जौनपुर के मुख्य गेट से मतदाता जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर प्रस्थान किया जिसने लगभग चार सौ से अधिक छात्रध् छात्राओं उत्साह और जोश के साथ प्रतिभाग किया । जो शहर के विभिन्न स्थानों से होकर गुजरा । स्वयंसेवकों द्वारा रोडवेज तिराहे और लता मंगेशकर तिराहा वाजिदपुर पर नुक्कड़ नाटकों द्वारा जनपद वासियों को अधितकम मतदान हेतु जागरूक किया।शिविर के द्वितीय सत्र को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ अजय कुमार दूबे जी ने बताया कि बच्चों में कैसे सर्वांगीण विकास किया जाय और इसके लिए शिविरार्थियों में जोश और ऊर्जा का संचरण किया । पहिए पर आधारित है, सूर्य मंदिर के विशाल पहिए सृजन, संरक्षण, मुक्ति के चक्र को चित्रित करते हैं और समय और स्थान में जीवन की गति को दर्शाते हैं। प्रत्येक विद्यार्थियों को अपने अंदर श्रम की महत्ता का भाव रखना चाहिए और निरंतर कार्य करना चाहिए ।कार्यक्रम में डॉ० माया सिंह ने संबोधित करते हुए



आपने रामायण और गीता का कई उद्धरण को सुनाया और छात्रों में नैतिकता एवं ईमानदारी का कैसे विकास हो , प्रकाश डाला।मुख्य वक्ता ने अपने सारगर्भित एवं प्रेरणादाई उद्बोधन में कहा कि एन एस एस का मुख्य सामुदायिक सेवा के माध्यम से व्यक्तित्व का पूर्ण विकास के साथ साथ विद्यार्थियों के अंदर श्रम और समुदाय के प्रति सम्मान का भाव जागृत करने का एक प्रमुख माध्यम है। इसका प्रतीक उड़ीसा में स्थित कोणार्क के सूर्य मंदिर रथ के बच्चों को गाँव क्षेत्र में अधिकतम मतदान के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम को डॉ जितेश कुमार सिंह ,डॉ० आशा रानी, डॉ० विजयलक्ष्मी ने स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं को संबोधित किया। कार्यक्रम के अंत में डॉ० प्रशांत कुमार ने धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर बालमुकुंद सेठ जी ने किया। कार्यक्रम का मुख्य बिंदु मतदाता जागरूकता था जिसमें स्वयंसेवक एवं स्वयं सेविकाओं ने उत्साह पूर्वक बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया।

# पीयू के सात और विद्यार्थी गेट परीक्षा में उत्तीर्ण

ब्यूरो प्रमुख

विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर के सात और विद्यार्थी गेट परीक्षा में उत्तीर्ण हुए। इसमें इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन विभाग के तीन, प्रो. राजेंद्र सिंह (रज्जू भइया) के चार विद्यार्थी शामिल हैं। प्रो. राजेंद्र सिंह (रज्जू भइया) भौतिकीय अध्ययन एवं शोध संस्थान के रसायन विभाग के दो विद्यार्थियों संदीप यादव तथा वरुण पांडेय, सेंटर फॉर रिन्यूएबल एनर्जी में शोध छात्र अनिल शर्मा और अभिषेक दुबे भौतिकी विभाग रज्जू भैया संस्थान से परास्नातक हैं। इसी क्रम में उमानाथ सिंह अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संस्थान के इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन विभाग के बी. टेक. अंतिम वर्ष के छात्र ऋत्विक सिंह चौहान, शिवम् चौधरी एवं आनंद पाल ने प्रथम प्रयास में ही गेट परीक्षा में अच्छे ग्रेड अर्जित किये है। राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा ग्रेजुएट एप्टीट्यूड टेस्ट फॉर इंजीनियरिंग (गेट) होती है। गेट परीक्षा के स्कोर विदेशों में विश्वविद्यालयों द्वारा भी स्वीकार किए जाते हैं। वास्तव में, छै़, सिंगापुर और ऑक्सफोर्ड, यूके जैसे प्रतिष्ठित संस्थान प्रवेश के लिए गेट स्कोर पर विचार करते हैं। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी। साथ हीं यह उम्मीद जताई की विज्ञान क्षेत्र में पूर्वांचल विश्वविद्यालय विश्व पटल पर अपनी पहचान स्थापित करेगा। इस अवसर पर प्रो. रवि प्रकाश, रसायन विभागाध्यक्ष डॉ. प्रमोद कुमार डॉ. धीरेंद्र चौधरी समेत कई शिक्षकों ने बधाई दी।

# अंडा के दुकान पर चाकू से मारपीट, तीन घायल जिला अस्पताल रेफर

ब्यूरो प्रमुख

विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। बरसठी थाना क्षेत्र के जरौटा बाजार सड़क पर सोमवार रात अंडा खाने के विवाद को लेकर चाकू से मारपीट हो गई। जिसमें दुकानदार सहित तीन लोगों को सीने हाथ कमर में चोट लगी घायलों को सीएचसी से इलाज के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।पुलिस ने तीन के खिलाफ 307 का मुकदमा किया दर्ज किया। ग्रामीणों ने चाकू मारने वाले व्यक्ति को पकड़कर पिटाई किये और पुलिस को सौंप दिये। बरसठी थाना क्षेत्र के जरौटा निवासी रमेश चंद अपने बेटे सुरेश के साथ अंडा का दुकान खोल रखे है। सोमवार रात 10 बजे जरौटा गांव के कृष्ण अर्जुन वहां अंडा खाने आये तभी साहोपट्टी थाना मड़ियाहूं निवासी शनि पटेल और घनापुर गांव के रोहित पाल और सोनू तीनो पहुच गये, पहले अंडा लेने को लेकर कहासुनी होने लगी। तभी पहले से चाकू लेकर आये साहोपट्टी निवासी शनि पटेल कृष्ण अर्जुन के सीना और हाथ पर चाकू से मार दिया जिससे लहूलुहान होकर वह जमीन पर गिर गया यह देखकर दुकानदार सुरेश और रमेश बीच बचाव करने आये तो सुरेश के कमर में चाकू मार दिया रमेश को भी तीनों ने पिटाई कर दिये।तांडव देखकर ग्रामीण और अन्य दुकानदार शनि को पकड़कर पिटाई किये और पुलिस को सौंप दिए। घायल कृष्ण अर्जुन ,सुरेश ,रमेश को सीएचसी इलाज कराने के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।पुलिस देर रात्रि शनि पटेल साहोपट्टी मड़ियाहूं,रोहित पाल सोनू के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया।मंगलवार को इस मामले में थानाध्यक्ष अरविंद सिंह ने बताया कि अंडा पहले खाने को लेकर विवाद हुआ था घायलो का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। तीनों के खिलाफ धारा 307 का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# मतदाता जागरूकता पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

रुड़की, हरिद्वार। रुड़की, बीएसएमपीजी कॉलेज के स्विप तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के निर्देशन में छात्र–छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत गणेशपुर और रेलवे स्टेशन के पास नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए गए। इससे पहले विद्यालय के छात्राओं ने रैली निकालकर मतदाता जागरूकता के नारे लगाते हुए, प्रजातंत्र से नाता है, वोट देना आता है, आओ मिलकर या कम करें, सबसे पहले मतदान करें, आदि प्रेरक तारों से आम नागरिकों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। उसके बाद छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आम नागरिकों को मतदान के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया। नुक्कड़ नाटक तथा रैली के प्रस्तुतीकरण में स्वीप की नोडल अधिकारी डॉ सुनीता कुमारी और राष्ट्रीय सेवा योजना के अधिकारी डॉक्टर इंदु अरोड़ा ने प्रमुख भूमिका निभाई। नुक्कड़ नाटक के प्रस्तुतीकरण में मोनिका, रेशमा, सिमरन, राशिका, खुशी, पायल, शिवानी ने अपने अभिनय द्वारा उपस्थित दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। साथ में ज्योति, तनु, अनुराधा, आकाश, आदित्य, सोमेश आज छात्राओं ने पूरे जोश के साथ आयोजन को सफल बनाने में अपना योगदान दिया।



# संचारी/दस्तक अभियान के तहत मसौधा ब्लाक टास्क फोर्स बैठक सम्पन्न

अयोध्या। संचारी/दस्तक अभियान के तहत ब्लॉक टॉस्क फोर्स की बैठक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मसौधा अधीक्षक तथा खण्ड विकास अधिकारी पूजा साहू मसौधा की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुई।बैठक में एक अप्रैल से तीस अप्रैल तक संचारी/दस्तक अभियान पर चर्चा हुई। ब्लॉक मोबिलाइजेसन कोर्डिनेटर यूनिसेफ मसौधा धीरेन्द्र नाथ पाण्डेय ने बताया कि ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवस मे जीरो से पांच साल के ऐसे बच्चे को 12 जानलेवा बीमारियों से बचाव के टीकाकरण होना है जैसे टी.बी,खसरा रुबेला, पोलियो, पीलिया, गला घोंटू,काली खांसी,टेटनस, निमोनिया,दिमागी बुखार,दस्त प्रबंधन,जिनका पूर्व मे टीका छूट गया है।जिन गर्भवती महिलाओ को टेटनस के टीके लगेंगे। उन्होंने बैठक के माध्यम से लोगों से अपील किया कि अप्रैल माह में सावधानी बरतनी होगी।हम सभी को मच्छर जनित बीमारियों से बचाव करना होगा।सोते समय मच्छर दानी का उपयोग करें। शून्य से पांच साल के बच्चों को अवश्य जापानी इनसेफलाइटिस का टीकाकरण करवायें।किसी भी तरह के बुखार होने पर नजदीकी अस्पताल मे खून की जाँच करवाएं।खण्ड विकास अधिकारी मसौधा पूजा साहू ने बताया कि सभी सचिव और सभी सफाई कर्मियों की प्रशिक्षण करवा कर अपने अपने गाँव की साफ सफाई,मच्छर मार दवा का छिड़काव,एंटी लार्वा का छिड़काव करना सुनिश्चित करें।इस मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक डॉ आशुतोष श्रीवास्तव,बाल विकास परियोजना अधिकारी दिनेश कुमार ,ब्लॉक कार्यक्रम मैनेजर अफजाल और ब्लॉक कम्युनिटी प्रोसेस मैनेजर अर्चना सिंह मौजूद रहे।



# 21 मार्च को राम मंदिर तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय से भेंट करेगा अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद अयोध्या का प्रतिनिधिमंडल



ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

अयोध्या। मेजर बीरेंद्र सिंह तोमर अध्यक्ष अवध प्रांत अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने बताया कि अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद अयोध्या जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के भव्य दिव्य मंदिर में सेवारत एवं भूतपूर्व सैनिकों के लिए विशेष दर्शन व्यवस्था के लिए राम मंदिर तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष ध्महासचिव को एक पत्र लिखा। मीडिया सलाहकार शरद शर्मा से मुलाकात की। उन्होंने आश्वासन दिया कि आने वाली 21 मार्च को महासचिव चंपत राय से मुलाकात करवाकर इस विषय को बखूबी विस्तार दिया जाएगा और यह सैनिकों की मर्यादा और सैनिक के स्वाभिमान से जुड़ा हुआ विषय है। इसे पूरा करने का प्रयास किया जाएगा।

# शांति पूर्वक ढंग से होली को सम्पन्न कराने में जुटे संबंधित विभाग के अधिकारी व कर्मी

## होली के दिन शराब व मिलावटी रंगो से दूर – चिकित्सक



अयोध्या। होली पर्व को सकुशल सम्पन्न कराने के लिये जिलाधिकारीध जिला निर्वाचन अधिकारी नीतीश कुमार के निर्देश पर पुलिस, अग्निशमन व खाद्य सुरक्षा विभाग जुटा हुआ है।एक ओर जहां पर एसएसपी राज करन नय्यर के निर्देश पर पुलिस विभाग के अधिकारी व कर्मी अपने अपने क्षेत्रों में शांति कमेटी की बैठक कर इस पर्व को सकुशल पूर्वक मनाने की अपील कर रहे हैं वही मुख्य अग्निशमन अधिकारी एमपी सिंह के निर्देश पर अग्निशमन अधिकारी नागेन्द्र प्रसाद द्विवेदी अपने कर्मियों के साथ लोगों को होलिका दहन के दौरान होने वाली घटनाओं के प्रति सावधान करते हुये दिखाई दे रहे हैं।इसके साथ ही साथ खाद्य सुरक्षा विभाग के सहायक आयुक्त द्वितीय मानिक चन्द्र सिंह भी जिले में छापा मारकर मिलावटी करने वाले लोगों के ऊपर कारवाई कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि मिलावटी करने वाले लोगों पर शिकंजा कसने कहने के लिये सात टीमो का गठन पांचों तहसीलो में किया गया है।जिसमें संबंधित तहसील के एसडीएम व सीओ तथा खाद्य सुरक्षा अधिकारी शामिल हैं।इसके अलावा दो टीमें शहर में सक्रिय है। उन्होंने बताया कि अभी मिल्कीपुर क्षेत्र में मिलावट करने वाले लोगों पर शिकंजा कसा गया है।वही एक टीम का नेतृत्व वे खुद कर रहे हैं। चिकित्सकों ने भी लोगों से इस पर्व को हर्षोल्लास पूर्वक मनाने की अपील किया। सीओ सिटी शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि एसएसपी राज करन नय्यर व एसपी सिटी मधुबन कुमार सिंह के निर्देश पर सर्किल के तीनो थाना क्षेत्रों में संबंधित प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष की मौजूदगी में शांति कमेटी की बैठक कर लोगों से इस पर्व को शांति पूर्वक व भाई चारे के साथ मनाने की अपील की गई। उन्होंने बताया कि सभी होलिका दहन को चिह्नित कर लिया गया है जहां पर अप्रिय स्थिति उत्पन्न हो सकती है। इसके लिए वहां पर्याप्त संख्या में सुरक्षा कर्मियों की तैनाती रहेगी। उन्होंने बताया कि होलिका दहन व होली के दिन, सुरक्षा कर्मियों के अलावा पीएसी के जवान भी शहर में गस्त करते हुये दिखाई देगे। अग्निशमन अधिकारी नागेन्द्र प्रसाद द्विवेदी ने बताया कि मुख्य अग्निशमन अधिकारी एमपी सिंह के निर्देश पर वे जहां एक ओर होली पर्व को लेकर होलिका दहन पर जाकर खुद लोगो को जागरुक कर रहे हैं कि आप सभी होलिका दहन के समय ऐसा कोई कार्य न करें जिससे कोई अग्निकांड की घटना घटे।वही उन्होंने बताया कि एक मार्च से तीस जून के बीच आग लगने की अधिक संभावना रहती है।इसके लिए भी अग्निशमन विभाग लोगों को जागरुक कर रहा है।डाक्टर अरविंद खरे व डॉ गौरव श्रीवास्तव ने लोगों से अपील किया कि होली रंगों व भाईचारे का पर्व है।इस पर्व जहां तक हो अबीर गुलाल का प्रयोग करें। मिलावटी रंग का उपयोग न करें। खासकर मदिरा से दूर रहें।

# हमारे जीवन का प्रत्येक क्षण हमें ईश्वर, गुरु और मातापिता के आशीर्वाद से प्राप्त होता है – मनीष सिंह



ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। एस के डी एकेडमी की विक्रांतखंड और राजाजीपुरम स्थित ISC बोर्ड शाखा में प्री प्राइमरी और प्राइमरी कक्षा के वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किये गए। एस के डी एकेडमी की विक्रांतखंड और राजाजीपुरम स्थित ॅ़ बोर्ड शाखा में प्री प्राइमरी और प्राइमरी कक्षा के वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किये गए जिसमे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को सम्मानित किया गया. कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय के निदेशक श्री मनीष सिंह और प्रधानाचार्या श्रीमती निशा सिंह ने सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया। कक्षा में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान पाने वाले विद्यार्थियों के साथ साथ सत्र २०२३–२४ के दौरान संपन्न हुई विभिन विद्यालयी एवं अंतर्विद्यालयी प्रतियोगिताओं में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया गया। संस्थान के निदेशक श्री मनीष सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि हमारे जीवन का प्रत्येक क्षण हमें ईश्वर, गुरु और मातापिता के आशीर्वाद से प्राप्त होता है. उन्होंने कहा कि बचपन से ही बच्चों में ऐसे संस्कार डालने होंगे जिससे वो भविष्य में एक सफल इन्सान और बेहतर नागरिक बन सकें। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती निशा सिंह ने अपने उद्बोधन में छात्र–छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए आगे की कक्षाओं में और भी बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के अगले चरण में बच्चों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया. इस अवसर पर संस्थान की सह निदेशक श्रीमती कुसुम बत्रा और शिक्षकों समेत बड़ी संख्या में अभिभावक और विद्यार्थी उपस्थित थे।

# लखनऊ मॉडल पब्लिक इण्टर कालेज का 11वाँ मातृशक्ति सम्मान समारोह आयोजित

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। बालागंज स्थित लखनऊ मॉडल पब्लिक इण्टर कालेज के द्वारा 11वाँ मातृशक्ति सम्मान समारोह का आयोजन गाँधी भवन प्रेक्षागृह लखनऊ में सोमवार को किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ लखनऊ उत्तर क्षेत्र के विधायक नीरज बोरा,कन्हैया माधोपुर प्रथम के सभासद रामनरेश चौरसिया द्वारा किया गया। जिन्होने विद्यालय के वार्षिकोत्सव में आकर बच्चों द्वारा प्रस्तुत संस्कृतिक, सामाजिक कार्यक्रमों का उत्साहवर्धन किया।



इस प्रमुख अवसर पर मुख्य अतिथि लखनऊ उत्तर क्षेत्र के विधायक नीरज बोरा, विद्यालय के प्रबन्धक अवधेश सिंह, निदेशक भगवान सिंह व प्रधानाचार्या शिखा घोष की उपस्थित रही जिन्होने विद्यालय की वार्षिक प्रगति को प्रस्तुत किया तथा श्रेष्ठ अंक प्राप्त करने वाले छात्रध्छात्राओं को उनके भावी भविष्य की शुभकामनाएं दी और उन्हे पुरस्कृत किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ गणेश वंदना से हुआ तद्रुपरान्त देश भक्ति गीत प्रस्तुत किया गया तथा नन्हें–मुन्हे बच्चों के द्वारा सोशल मीडिया जागरूकता कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया इसके उपरान्त इस अवसर पर उपस्थित मेधावी छात्रध्छात्राओं की माताओं का विशेष सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि के अतिरिक्त अन्य विद्यालयों के प्रबन्धकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। अन्त में सभी गणमान्य अतिथियों ने समारोह में छात्र/छात्राओं व सम्पूण विद्यालय परिवार की मुक्तकंठ से प्रसन्सा की और इस प्रकार से कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से हुआ।

# साफ – सफाई की शुरुआत हमें अपने घर से ही करनी चाहिए

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। रजत डिग्री कॉलेज, रजत कॉलेज ऑफ एजूकेशन एण्ड मैनेजमेण्ट एवं रजत वूमेंस कॉलेज ऑफ एजुकेशन एंड मैनेजमेंट लखनऊ में राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वितीय दिवस के अंतर्गत सप्त दिवसीय विशेष शिविर में स्वच्छता जागरूकता अभियान रैली का आयोजन किया गया। इसके पश्चात स्वयं सेवकों/स्वयं सेविकाओं के द्वारा उठे समाज के लिए उठे उठे,जगे स्वराष्ट्र के लिये जगे जगे/राष्ट्रीय सेवा योजना का लक्ष्य गीत का सामूहिक रूप से अभ्यास किया। तत्पश्चात मलिन बस्ती झुग्गी झोपड़ियों के क्षेत्र में स्वच्छता जागरूकता अभियान रैली निकाली जिसमें स्वच्छता जागरूकता के संबंधमें लोगों को बताया कि यह एक राष्ट्रीय स्तर का अभियान है जिसका उद्देश्य गलियों, सड़कों तथा अधोसंरचना को साफ–सुथरा करना और कूड़ा साफ रखना है। ग्राम के निवासियों को स्वच्छता अभियान में सहयोग करने की शपथ भी ग्रहण कराई तथा बताया कि स्वच्छता हमारे लिए अति आवश्यक है। इसके संबंध में पोस्टर तथा फ्लैश कार्ड के माध्यम से भी समझाया कि स्वच्छता हमारे देश के विकास के लिए कितना महत्वपूर्ण है। आवंटित मलिन बस्ती में जाकर वहां के निवासियों को उन्होंने स्वच्छता और सफाई के महत्व को बताते हुए कहा कि साफ सफाई की शुरुआत हमें अपने घर से ही करनी चाहिए और आसपास भी स्वच्छता का ध्यान रखना चाहिए। साथ ही उन्होंने शपथ ली कि अपने आसपास के नागरिकों को स्वच्छता के संदर्भ में भी जागरूक करेंगे। अंत में सभासद महोदय ने स्वयंसेवक सेविकाओं के कार्यों की प्रशंसा की और कहा कि हम सभी को अपने जीवन में स्वच्छता को अपनाते हुए कार्य करना चाहिए और अपने आसपास के लोगों को भी स्वच्छता और साफ सफाई के लिए प्रेरित करते रहना चाहिए। कार्यक्रम के समापन मे स्वयं सेवकोंध स्वयं सेविकाओं को राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व के विषय में बताया और उनकी भूरि– भूरि प्रशंसा करते हुए उनके प्रयासों की सराहना की।




# संयुक्तराष्ट्र महासभा का खतरनाक दोहरा रवैया – मृत्युंजय दीक्षित

हरदोई (अम्बरीष कुमार सक्सेना)

विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत में जब लोकतंत्र के महापर्व की रणभेरी बजने वाली थी तब सर्युक्तराष्ट्र महासभा में पाकिस्तान और चीन ने अपनी विकृत भारत विरोधी विचारधारा से प्रेरित, इस्लामोफोबिया के नाम पर अयोध्या व सीएए का गलत उल्लेख करते हुए एक प्रस्ताव प्रस्तुत किया जो इन देशों की मानसिकता को तो दर्शाता ही है साथ ही संयुक्तराष्ट्र महासभा के दोहरे मापदंड को भी बेनकाब करता है। भारत विगत कई वर्षो से संयुक्तराष्ट्र महासभा में स्थायी सदस्यता प्राप्त करने के लिए, "वसुधैव कुटुम्बकम" की नीति के बल पर अथक प्रयास कर रहा है किंतु चीन हर बार भारत के नेतृत्व में चल रहे सयुंक्तराष्ट्र महासभा के सुधार अभियान और भारत की स्थायी सदस्यत के खिलाफ वीटो कर देता है। संयुक्तराष्ट्र महासभा में अकातंकवाद के खिलाफ लड़ाई को भी अगर कोई देश कमजोर कर रहा है तो वह चीन और पाकिस्तान की जुगलबंदी है जिनके कारण दुनिया के अनेक खतरनाक आतंकी व संगठन अभी तक प्रतिबंधित नही हो पा रहे हैं।

संयुक्तराष्ट्र महासभा को इस्लामोफोबिया तो दिखाई पड़ रहा है किंतु उसे पाकिस्तान व बांग्लादेश की धरती पर हिंदू अल्पसंख्यकों पर होने वाले अमानवीय अत्याचार दिखाई नहीं देते हैं । यही नहीं चीन में उइगरों पर भीषण अत्याचार हो रहे हैं किन्तु संयुक्तराष्ट्र महासभा में कभी चीन की निंदा नहीं की गयी। जब इजराइयल पर हमास ने आतंकवादी हमला किया तब महासभा का निंदा प्रस्ताव गहरी निद्रा में चला गया था किंतु जब इजराइल ने हमास के आतंकवादियों को समाप्त करने के लिए पलटवार कर दिया था तब संयुक्तराष्ट्र अपने विकृत रवैये के साथ सामने आ गया और महासभा के सदस्य राष्ट्र पीड़ित इजहराइल की ही निंदा करने लगे। संयुक्तराष्ट्र महासभा का यही दोहरा रवैया पूरे विश्व में मानवाधिकार हनन का कारण है। संयुक्तराष्ट्र महासभा में पाकिस्तान के राजदूत मुनीर अकरम ने अयोध्या में भगवान राम के दिव्य, भव्य एवं नव्य राम मंदिर तथा भारत के नागरिकता संशोधन अधिनियम का गलत अर्थो में उल्लेख करते हुए इस्लामोफोबिया से संबंधित प्रस्तवा पारित करा लिया जिसके समर्थन में 115 सदस्य देशों ने मतदान करके समर्थन किया और भारत सहित 44 देशों ने मतदान में भाग नहीं लिया। अपना पक्ष रखते हुए भारत ने संयुक्तराष्ट्र महासभा में एक बार फिर चीन व पाकिस्तान को बेनकाब किया । महासभा को संबोधित करते हुए भारतीय अधिकारी ने कहा कि गलत सूचनाओं और मंतव्यों के आधार पर भारत का भ्रमित करने वाला उउल्लेख किया गया है। विश्व को बुद्धिमता से, गहराई में जाकर और वैश्विक दृष्टिकोण से चीजों को देखने की आवश्यकता है।भारत ने पाकिस्तान के सतही नजरिये को खारिज करने की अपील भी की किंतु उसका कोई असर इन देशों के तथाकथित मंच पर नहीं पड़ा।



संयुक्तराष्ट्र महासभा में भारत ने कहा कि जब विश्व आगे बढ़ रहा है और समानता के आचरण को अंगीकार कर रहा है तब पाकिस्तान में धार्मिक कट्टरता और अल्पसंख्यकों का उत्पीड़न चरम पर होना दुखद है। किसी भी देश में किसी भी पंथ के प्रति नकारात्मक भाव नहीं रखा जाना चाहिए, चाहे वह हिन्दुत्व हो ,बौद्ध हो सिख हो या अन्य कोई धर्म। भारत किसी भी धर्म के व्यक्ति के साथ हिंसा या भेदभाव की अनुमति नहीं देता है। उसकी रोकथाम के लिए कड़े और स्पष्ट कानूनी प्रावधान हैं। भारत में सभी धर्म के लोगों के साथ समान व्यवहार होता है और उन्हें अपने तरीके से रहने और उपासना करने का अधिकार है। सभी धर्मो के लोगों के लिए सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों में कार्य करने का समान अवसर है। कोई उत्पीड़न की शिकायत करता है तो उसके साथ न्याय के लिए मजबूत कानूनी प्रावधान हैं जिसके अंतर्गत कड़ा दंड दिया जाता है।

संयुक्तराष्ट्र महासभा ने चीन व पाकिस्तान के दबाव में आकर इस्लामोफोबिया की आड़ में भारत विरोधी जो प्रस्ताव पारित किया है वह घोर निंदनीय व सत्य से कोसों दूर है।

वास्तविकता यह है कि पाकिस्तान, बांग्लादेश व अफगानिस्तान में हिंदुओं पर इतने अधिक अत्याचार किये गये कि अब इन देशों में वो दो प्रातिशत से भी कम रह गये हैं जबकि सिख, बौद्ध, जैन, यहूदी सहित अन्य सभी अल्पसंख्यक पूरी तरह से समाप्त हो चुके हैं। पाकिस्तान में तो किसी का हिंदू होना ही अपराध है, अगर वहां कोई युवा हिंदू महिला है तो वह पाकिस्तानी कट्टरपंथियों की जायदाद मान ली जाती है और उस पर अथाह जुल्म ढाए जाते हैं। हर हिन्दू पर धर्मांतरण करने का दबाव बनाया जाता है।

# कोतवाली नगर पुलिस के हत्थे चढ़े एटीएम बदलने वाले दो शातिर आरोपी

अयोध्या। सोमवार को कोतवाली नगर पुलिस ने एटीएम कार्ड बदलकर लोगों का धोखे से एटीएम से पैसे निकालने वाले दो शातिर आरोपियों को 72 ए0टी0एम0 कार्ड,तीस हजार रुपये नगद,दो मोबाइल व एक तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर एवं एक आई 20 कार के साथ गिरफ्तार किया।इस संबंध में सीओ सिटी शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि इस मामले की खुलासे के लिए प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर अश्विनी कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में गठित टीम का गठन किया गया था।जिसमें नवीन मंडी चौकी प्रभारी उमेश कुमार वर्मा,चौकी प्रभारी साहबगंज संतोष कुमार मौर्य,मनोज कुमार प्रभारी एण्टीथेफ्ट सेल अयोध्या ने दो संदिग्ध व्यक्ति एटीएम मशीन के पास लोगों की मदद के बहाने उनके कार्ड बदल लेते है और दूसरी एटीएम मशीन पर जाकर पैसे निकाल लेते है जो इस समय अयोध्या रायबरेली हाईवे के रेलवे ब्रिज के सर्विस लेन पर नहर के पास तिराहे पर काफी देर से खडे है, इस सूचना पर थाना कोतवाली नगर पुलिस व एण्टीथेफ्ट टीम द्वारा मुखबिर द्वारा बताये गये स्थान पर खड़े दोनों व्यक्तियों को पकड़ लिया गया।जिसकी पहचान शिखर मिश्रा पुत्र स्व0 विजय कुमार मिश्रा निवासी फरेन्दा जागीर थाना हर्रैया जनपद बस्ती तथा रोहित पाण्डेय पुत्र मृदुल पाण्डेय निवासी बड़हर थाना हर्रैया जनपद बस्ती के रुप में हुई। जिसके खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई किया।

# किसान की गोली मारकर हत्या



हरदोई(अम्बरीष कुमार सक्सेना) मगंलवार को एक किसान की गोली मारकर हत्या कर दी गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार अतरौली थाना क्षेत्र के रेहरियामऊ गांव निवासी सुरेश (42) की गोली मारकर हत्या कर दी गई। उसका शव महगवां–संडीला मार्ग पर बरतली चौराहे के पास बनी उसकी ही दुकान में पड़ा मिला। वह खेती और मजदूरी करता था। सुरेश के दो गोली मारी गई हैं। एक गोली पेट में और एक सीने पर लगी है। उसका शव चारपाई से नीचे पड़ा मिला। राहगीरों ने शव देखकर पुलिस को सूचना दी।

घटना की जानकारी पर अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी नृपेंद्र, सीओ संडीला शिल्पा कुमारी और अतरौली के प्रभारी निरीक्षक दिलेश कुमार सिंह मौके पर पहुंच गए। घटना की जांच शुरू कर दी गई है। फोरेंसिक टीम ने भी मौके से आवश्यक नमूने जुटाए हैं।सुरेश अपने परिजनों से अलग रहता था। अपर पुलिस अधीक्षक नृपेंद्र ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र– छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को सम्मानित किया गया

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। प्री प्राइमरी और प्राइमरी कक्षा के वार्षिक परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र–छात्राओं को सम्मानित किया गया। एस के डी एकेडमी की वृन्दावन और ई ब्लॉक राजाजीपुरम स्थित शाखाओं में प्री प्राइमरी और प्राइमरी कक्षा के वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किये गए जिसमे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को सम्मानित किया गया. कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय के निदेशक श्री मनीष सिंह और प्रधानाचार्या श्रीमती निशा सिंह ने सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया. इस अवसर पर विद्यालय की वार्षिक पत्रिका "प्रतिबिम्ब" के नए संस्करण का विमोचन भी किया गया. कक्षा में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान पाने वाले विद्यार्थियों के साथ साथ सत्र २०२३–२४ के दौरान संपन्न हुई विभिन विद्यालयी एवं अंतर्विद्यालयी प्रतियोगिताओं में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया गया. संस्थान के निदेशक श्री मनीष सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि जीवन का प्रत्येक क्षण ईश्वर, गुरु और मातापिता को धन्यवाद देने का होता है. उन्होंने कहा कि जिस प्रकार एक इमारत जितनी बुलंद होती है उसकी नीव भी उतनी ही गहरी होती है उसी प्रकार हमें बचपन से ही उच्च संस्कारों और जीवन मूल्यों की ऐसी नीव का निर्माण करना है जिसके ऊपर इन छात्रों के उज्जवल भविष्य की मजबूत ईमारत खड़ी हो सके. उन्होंने आगे कहा कि किसी भी छात्र के भविष्य निर्माण में विद्यालय और शिक्षकों के साथ साथ माता और पिता दोनों की सामान रूप से भागीदारी होती है. विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती निशा सिंह ने अपने उद्बोधन में छात्र–छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए आगे की कक्षाओं में और भी बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया. कार्यक्रम के अगले चरण में बच्चों ने



गणेश स्तुति और होली गीत पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया. इस अवसर पर संस्थान की सह निदेशक श्रीमती कुसुम बत्रा और शिक्षकों समेत बड़ी संख्या में अभिभावक और विद्यार्थी उपस्थित थे।

सान्ध्य हिन्दी दैनिक देश की उपासना

स्वात्वाधिकारी में. प्रभुदयाल प्रकाशन की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव
मो0 – 7007415808, 9628325542, 9415034002
RNI सन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R/-1
Email - deshkiupasanadailynews@gmail.com

समाचार–पत्र से संबधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायालय होगा।